15 page 1_01.qxd 10/14/2023 10:25 PM Page 1

दैनिक
भरोसा मित्र
पहला नवरात्रा मां शैल पुत्री की करें पूजन
ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की
■ वर्ष:1 ■ अंक: 36 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ रविवार ■ 15 अक्टूबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117

गुरुग्राम का नाम बदलने की जानकारी केंद्रीय गृह मंत्रालय के पास नहीं

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र

चंडीगढ़। आज से ठीक सात वर्ष पूर्व 14 अक्तूबर 2016 को हरियाणा सरकार के शासकीय गजट में प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की तत्कालीन अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) और वित्तायुक्त राजस्व (एफसीआर) केशनी आनंद अरोड़ा के हस्ताक्षर से जारी एवं प्रकाशित एक नोटिफिकेशन मार्फत गुड़गांव सिटी (शहर) का नाम बदलकर गुरुग्राम किया गया था। वास्तविकता यह है कि गत 7 वर्षों से केवल तत्कालीन गुड़गांव सिटी ही नहीं बल्कि तत्कालीन संपूर्ण गुड़गांव जिले

मंत्रालय के जवाब से हुआ खुलासा, 22 सितम्बर 2016 को केवल गुड़गांव सिटी का नाम गुरुग्राम करने बारे दी गई थी अनापत्ति

(डिस्ट्रिक्ट) को ही आधिकारिक तौर पर गुरुग्राम कहा जा रहा है। मजेदार बात यह है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय को इसकी जानकारी नहीं है। इस बारे मे पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट हेमंत कुमार ने बताया कि 12 अप्रैल 2016 को हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व वाली प्रदेश की प्रथम भाजपा सरकार द्वारा गुड़गांव का नाम बदलकर गुरुग्राम करने की घोषणा की गई थी। इस घोषणा के बाद हरियाणा सरकार द्वारा केन्द्र सरकार को गुड़गांव का नाम बदलकर गुरुग्राम करने संबंधी प्रस्ताव भेजा गया था। नियम के अनुसार देश में विभिन्न स्थानों का नाम बदलने संबंधी मामलों में फाइनल स्वीकृति (एनओसी) केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा देता है। इसके बाद सितम्बर-अक्टूबर 2016 में मीडिया में प्रकाशित रिपोर्टों से खुलासा हुआ कि तत्कालीन गुड़गांव का नाम बदलकर गुरुग्राम करने संबंधी

हरियाणा सरकार के प्रस्ताव पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अपनी स्वीकृति दे दी है। तब से सभी सरकारी और आधिकारिक दस्तावेजों आदि पर गुड़गांव के स्थान पर गुरुग्राम का प्रयोग होने लगा। हेमंत कुमार को हरियाणा सरकार के राजस्व विभाग द्वारा वर्ष 2016 में जारी ऐसी कोई गजट नोटिफिकेशन नहीं प्राप्त हुई जिसमें संपूर्ण तत्कालीन गुड़गांव जिले का नाम बदला गया हो। उन्होंने इसी वर्ष 18 अप्रैल को केन्द्रीय गृह मंत्रालय में आरटीआई दायर करे केन्द्र सरकार द्वारा तत्कालीन गुड़गांव जिले का नाम गुरुग्राम करने संबंधी दी गई अनापत्ति (एन.ओ.सी.) संबंधी पूरी जानकारी मांगी। इसके जवाब में 25 मई को हालांकि मंत्रालय की संबंधित डिवीजन के ज्वाइंट सेक्रेटरी जी. पारथासार्थी ने यह तो माना कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय विभिन्न राज्य सरकारों से गांवो, शहरों, रेलवे स्टेशनों आदि के नाम बदलने बारे प्राप्त प्रस्तावों पर प्रकियानुसार कार्रवाई करता है। उन्होंने यह भी लिखा कि ऐसी सूचना आरटीआई कानून 2005 की धारा 8(1) (ई) के अंतर्गत नहीं दी जा सकती क्योंकि यह वैश्वासिक नातेदारी के दायरे में पड़ती है। हेमंत कुमार ने 29 मई को केन्द्रीय गृह मंत्रालय में आरटीआई कानून की धारा 19 में प्रथम अपील दायर कर दी जिस पर गत माह 24 सितंबर को मंत्रालय की संबंधित डिवीजन के प्रथम अपीलीय अथारिटी ने स्पष्ट किया कि उपलब्ध रिकॉर्ड का निरीक्षण किया गया है। हरियाणा सरकार से प्राप्त प्रस्ताव के पश्चात गुड़गांव सिटी का नाम बदलकर गुरुग्राम करने बारे 22 सितम्बर 2016 को अनापत्ति (नो आब्जेक्शन) दी गई थी। हेमंत कहते हैं कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 24 सितंबर 2023 को उपरोक्त आरटीआई अपील में दिए गए निर्णये और उसके दस्तावेज से स्पष्ट हो जाता है कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2016 में केवल तत्कालीन गुड़गांव सिटी का ही नाम बदलकर गुरुग्राम करने बारे हरियाणा सरकार द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर अनापत्ति प्रदान की गई थी न कि संपूर्ण तत्कालीन गुड़गांव जिले का नाम बदलकर गुरुग्राम करने के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

वर्ल्ड कप में भारत ने पाकिस्तान को दी सात विकेट से मात

जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द मैच रहे

अहमदाबाद, एजेंसी।

वर्ल्ड कप में टीम इंडिया ने पाकिस्तान को 8वीं बार हरा कर अपनी धाक जमाई। शनिवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए मैच में भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से मात दी। रोहित शर्मा ने 86 रन और श्रेयस अय्यर ने नाबाद 53 रन की पारी खेली। भारतीय टीम ने 192 रन का टारगेट 30.3 ओवर में हासिल कर लिया। कप्तान रोहित शर्मा ने 86 रन की पारी खेली। उन्होंने तीसरे विकेट के लिए श्रेयस अय्यर के साथ 77 रन की साझेदारी की। 19 रन देकर 2 विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह प्लेयर ऑफ द मैच रहे। पाकिस्तान की ओर से

रोहित शर्मा ने 86 रन और श्रेयस अय्यर ने नाबाद 53 रन की पारी खेली

बल्लेबाजी में कप्तान बाबर आजम ने इकलौता अर्धशतक लगाया। मोहम्मद रिजवान 49 रन पर आउट हुए। 5 इंडियन बॉलर्स ने 2-2 विकेट लिए। पाकिस्तान की शुरुआत ठीकठाक रही। 41 के स्कोर पर टीम का पहला विकेट गिरा। दूसरा विकेट 73 के स्कोर पर गिरा। इसके बाद कप्तान बाबर आजम और रिजवान के बीच 82 रन की साझेदारी की। ऐसा लग रहा था कि पाकिस्तान 300 के पार स्कोर बनाएगा लेकिन, सिराज ने बाबर (50) को आउट कर इस उम्मीद को झटका दिया। उसके बाद बुमराह ने रिजवान (49) को आउट कर पाकिस्तान की पारी को ध्वस्त कर दिया। रोहित शर्मा ने 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौके से शुरुआत की। उनके रंग में गिल भी रंगे दिखे, हालांकि, 16 के स्कोर पर वह आउट हो गए। रोहित के बल्ले से लगातार चौके-छक्के निकलते रहे। रोहित ने आउट होने के पहले 86 रन की पारी खेली। कोहली ने 16 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने धैर्य का परिचय दिया। उसने नाबाद 53 रन का पारी खेली। केएल राहुल ने नाबाद 19 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने विजयी चौका लगाया।

नूंह हिंसा: बाहर से आए थे दंगाई, संगठित अपराध नहीं हुआ

चंडीगढ़। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने कुछ दिन पूर्व नूंह में हुई हिंसा पर अपनी जांच पूरी कर ली है। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि नूंह की हिंसा संगठित अपराध नहीं है। इसे स्थानीय प्रशासन की विफलता नहीं माना गया, लेकिन कुछ कमियों के लिए उसे जरूर जिम्मेदार ठहराया गया। इस रिपोर्ट के अनुसार नूंह में हिंसा फैलाने में स्थानीय लोगों के शामिल नहीं थे। इसके लिए बाहर से उपद्रवी आए थे। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग का कहना है कि कि कुछ युवा सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाए गए झूठे प्रचार के कारण उत्तेजना का शिकार हुए। इस पर तुरंत रोक लगनी चाहिए। जांच रिपोर्ट में दोनों समुदायों के लोगों के साथ-साथ प्रशासन के अधिकारियों से हुई बातचीत को शामिल किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक लोगों का कहना है कि हिंसा करने वाले लोग बाहरी लोग थे।

मुख्यमंत्री ने की मॉडल संस्कृति विद्यालयों के बच्चों के अभिभावकों से बात

साल के अंत तक हर राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों के क्लासरूम बनेगा स्मार्ट : मनोहर लाल

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बताया कि राज्य के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों के 7400 क्लासरूम में से 4035 स्मार्ट क्लासरूम बन चुके हैं , बकाया क्लासरूम्स को इस वर्ष स्मार्ट क्लासरूम में बदला जाएगा। वे आज विशेष चर्चा कार्यक्रम के दौरान चंडीगढ़ से ऑनलाइन माध्यम से राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों से चर्चा कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि हर विद्यार्थी की सीखने की क्षमता को ध्यान में रखते हुए इन विद्यालयों में शिक्षण के लिए नई तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। प्रदेश में चार विश्वविद्यालयों भगत फूल सिंह कन्या विश्वविद्यालय, खानपुर कलां, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार और महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में केजी से पीजी स्कीम के तहत दाखिले किये गए हैं।



मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय खोलने की प्रक्रिया 2017 में शुरू की

मुख्यमंत्री कहा कि हमने गरीब से गरीब परिवार के बच्चों को प्राथमिक स्तर से ही उच्चकोटि की शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश में राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय खोलने की प्रक्रिया 2017 में शुरू की थी। उस समय राज्य के 119 खण्डों में से हर एक खण्ड में एक राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय (बैग फ्री स्कूल) खोला गया था।

नवरात्रों का पहला दिन अंबाला के लिए लेकर आया बड़ी सौगात

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री मनोहर लाल एक के बाद एक लगातार प्रदेश को सौगात दे रहे हैं। कल यानि15 अक्तूबर को नवरात्रों का पहला दिन अंबाला के इतिहास में ख़ास - दिन के तौर पर दर्ज होने जा रहा है। मुख्यमंत्री दोपहर बाद अंबाला एयरपोर्ट की स्थापना के लिए भूमि पूजन कर शिलान्यास करेंगे। इस एयरपोर्ट के बनने के बाद हरियाणा देश के उन चुनिंदा प्रदेशों में शामिल हो जाएगा जहां दो एयरपोर्ट हैं। विदित है कि हिसार में भी महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा बनाया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) योजना को वर्ष 2016 में नागरिक उड्डयन मंत्रालय के तहत एक क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना के रूप में गया था।

खबर फटाफट

फर्जी एटीएम कार्ड मंगवाकर खाते से चार लाख से अधिक निकाल लिए

पलवल : यहां एक युवक के खाते से किसी ने मोबाइल हैक कर फर्जी एटीएम कार्ड मंगवाकर उसके खाते से चार लाख से अधिक रुपए निकाल लिए। युवक ने इसकी शिकायत गदपुरी थाना पुलिस व बैंक अधिकारियों को दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।थाना प्रभारी राजबीर सिंह के अनुसार युवक ने अपनी शिकायत में कहा है कि उसने मेहनत-मजदूरी के पैसों को बैंक में जमा कर एकत्रित करने के लिए पंजाब नैशनल बैंक में खाता खुलवाया है। किसी ने उसका मोबाइल नंबर हैक कर लिया और बैंक से ऑनलाइन अप्लाई कर दूसरा एटीएम कार्ड मंगवा लिया। युवक ने बताया कि किसी ने छह से दस अक्टूबर तक उसके बैंक खाते से रुपये निकले हैं।

पिंडारा तीर्थ में उमड़ी भीड़

जींद: श्राद्ध पक्ष की अमावस्या पर शनिवार को पांडु-पिंडारा में श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों का पिंडदान किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से दोपहर बाद तक गोहाना रोड पर नए बस अड्डे के साइड में जाम जैसी स्थिति बनी रही। नए बस अड्डे के सामने खाली पड़ी जमीन पर अपने वाहनों को खड़ा करके लोग पैदल ही तीर्थ तक पहुंच गए। इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

चंडीगढ़ पीजीआई में सुरक्षा सर्वे शुरू

चंडीगढ़ : यहां पीजीआई में 15 बिल्डिंग में सुरक्षा से जुड़े प्रबंधों की जांच शुरू कर दी गई है। इसमें बिजली उपकरणों की ओवर हीटिंग और स्पार्किंग से संबंधित पहलुओं को देखा जा रहा है। जांच में जहां-जहां खामियां पाई जाएंगी, उन्हें दूर करने का काम किया जाएगा। बता दें कि कुछ दिन पहले आग लगने और उसकी वजह से 400 से ज्यादा मरीजों की जान खतरे में पड़ गई थी। इसके बाद प्रबंध ने यह सर्वे करवाने का फैसला किया था। आग की वजह बैटरी गर्म होने की समस्या सामने आई। बता दें कि 9 अक्टूबर रात को इस संस्थान में आग लग गई थी आग यहां से 400 से अधिक मरीजों को यहां से निकल गया था।

लिंग जांच में महिला समेत तीन पकड़े गए

हिसार : स्वास्थ्य विभाग की पीएनडीटी टीम ने बरवाला में एक घर के अंदर ही चल रहे भ्रूण लिंग जांच करते हुए महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि हिसार व सिरसा की पीएनडीटी टीम ने एक गर्भवती महिला को नकली ग्राहक बना कर इस घर में भेजा। डॉक्टर ने एंबुलेंस चालक के माध्यम से 50 हजार रुपए लिए। पीएनडीटी टीम ने छापा मारकर महिला सहित तीन लोगों को रंगेहाथ पकड़ लिया,लेकिन मुख्य आरोपी डॉक्टर मौके से वहां से फरार होने में कामयाब रहा। बता दें कि मौके पर हिसार के एसएमओ कम नोडल अफसर पीएनडीटी टीम डॉ. प्रभु दयाल व एएसएमओ डा. कामिद मोंगा के नेतृत्व में हिसार-सिरसा की संयुक्त टीम गई थी। एक गर्भवती महिला सरोज को नकली ग्राहक बनाया गया। महिला को उसके पति, एंबुलेंस चालक के साथ भेजा। सौदा तय होने के बाद इन्हें तय स्थान पर भेज दिया गया।महिला दलाल गर्भवती को आंखों पर पट्टी बांध कर एक मकान में ले गई। वहां एंबुलेंस चालक को रुपए दे दिए गए। तभी टीम ने छापा मारकर तीन लोगों को पकड़ लिया, लेकिन डाक्टर वहां फरार हो गया।

दवा की अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़

अंबाला : छावनी क्षेत्र में दवा और पुलिस विभाग की टीम ने दवा की अवैध फैक्ट्री पर छापा मार एक व्यक्ति को पकड़ लिया। ड्रग्स विभाग की टीम ने फैक्ट्री से दवा के साथ-साथ केमिकल के भी सैंपल भरे हैं। बताया गया कि छावनी क्षेत्र की डिफेंस कॉलोनी सेक्टर-सी में वाल्ट फार्मा नाम से एक फैक्ट्री चलाई जा रही थी। दवा विभाग को सूचना मिली थी कि वहां नियमों को ताक पर रख सप्लीमेंट तैयार किए जा रहे हैं। फैक्ट्री मालिक अपने जिम में आने वाले युवाओं को सप्लीमेंट बेच करता था। दवा विभाग की टीम कार्रवाई के दौरान फैक्ट्री का चप्पा-चप्पा खंगाला। समाचार लिखे जाने तक फैक्ट्री में कार्रवाई की जा रही थी।

भाजपा मंडल प्रभारी पर लगा आइसक्रीम वाले को पीटने का आरोप

रोहतक: सांपला के गांव भैंसरू कलां में आइसक्रीम के पैसों को लेकर रेहड़ी वाले और मकान मालिक के साथ मारपीट का वीडियो वायरल हुआ है। इसमें कुछ लोग दो लोगों के साथ मारपीट करते नजर आ रहे हैं। ये सभी जितेंद्र ठेकेदार और उनके साथी बताए जा रहे हैं।सांपला पुलिस को दर्ज शिकायत के अनुसार भैंसरू खुर्द के सुरेश ने बताया कि वह सेना में जवान है। इन दिनों छुट्टी पर घर आया हुआ है। राजस्थान का सुरेश उसके यहां काम करता है और आइसक्रीम बेचता है। वो अपनी रेहड़ी गांव के बस स्टैंड पर लगाता है।आरोप है कि शुक्रवार रात को जितेंद्र ठेकेदार और उसके साथी शराब के नशे में वहां पर आए। आइसक्रीम खाने के बाद उसके पैसे मांगने पर विक्रेता के साथ खूब मारपीट की।मौके पर जब पुलिस आई तो वे लोग गाड़ी छोड़ वहां से फरार हो गए। पुलिस ने जितेंद्र ठेकेदार की गाड़ी कब्जे में ले ली है।थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

केला व्यापारी का अपहरण करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

हांसी: केला व्यापारी को अपहरण कर 20 लाख रुपये की फिरौती मांगने व मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि इनमें 5 हजार रुपये का ईनामी बदमाश चैरी भी शामिल है। पुलिस के अनुसार केल व्यापारी की रिहाई के लिए 20 लाख डेढ़ लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। डीएसपी धीरज कुमार ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद ये तीनों आरोपी फरार चल रहे थे। इस मामले में एक आरोपी नीटू को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इसके बाद अन्य दोनों को भी दबोच लिया गया।

कोरोना कर्मचारियों के लिए शुभ समाचार

जल्द दूर होंगे बेरोजगारी के दिन, बहाली होगी

जल्द समाप्त हो जाएगा रोजी रोटी का संकट

भरोसा मित्र

चंडीगढ़।कोरोना काल में अपनी बेहतरीन सेवाओं के साथ लोगों की जिंदगी बचाने वाले कोरोना कर्मचारियों को सरकार ने दीपावली का तोहफा दिया है। करीब 6 माह पूर्व हटाए गए इन कर्मचारियों को प्रदेश सरकार ने नेशनल हेल्थ मिशन, हरियाणा में खाली पड़े पदों पर एडजस्ट किया जाएगा।

हटाए गए कोरोना कर्मचारियों की बहाली की सूचना मिलते ही इन कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। भारतीय मजदूर संघ से सम्बंधित स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन ने इसे कोरोना कर्मचारियों के आंदोलन की जीत बताते हुए उन्हें बधाई दी और प्रदेश सरकार का भी आभार जताया है। खासकर स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का संघ ने आभार जताया, क्योंकि स्वास्थ्य मंत्री ने ही इन कर्मचारियों की मांगों को गंभीरता से लिया और इनका रोजगार बहाल किया है।

बता दें कि करोना काल में हरियाणा सरकार ने भी इन कर्मचारियों की सेवाओं की सराहना की थी। इसके बावजूद प्रदेश सरकार ने कोरोना काल खत्म होते ही 31 मार्च 2023 को इन सभी कर्मचारियों को रिलीव कर दिया था। इससे प्रदेश के हजारों युवा बेरोजगार हो गए थे और उनके परिवार के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया था।

सरकार का आभार जताया

स्वास्थ्य कर्मचारी से सम्बंधित भारतीय मजदूर संघ के प्रदेशाध्यक्ष विपिन शर्मा ने बताया कि प्रदेश में कोरोना काल के दौरान इन कर्मचारियों द्वारा अपनी जिंदगी को दांव पर लगाकर लोगों की जिंदगियों को बचाने का काम किया गया था।

कांग्रेस सरकार आई तो जाट मुख्यमंत्री बनेगा, नहीं बना तो डिप्टी सीएम जरूर बनेगा: हुड्डा

उन्होंने चार डिप्टी सीएम में एक पद पर महिला को बनाने का फॉर्मूला भी सामने रखा

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। नेता प्रतिपक्ष और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में यदि कांग्रेस की सरकार बनती है तो जाट मुख्यमंत्री बनेगा, यदि नहीं बन पाया तो डिप्टी सीएम जरूर बनेगा। शनिवार को प्रेसवार्ता में हुड्डा ने महिला डिप्टी सीएम बनाने का फॉर्मूला भी सामने रखा। वे अपने चार डिप्टी सीएम के बयान पर कायम रहे और बताया कि इनमें से एक महिला होगी। बता दें कि हुड्डा चार डिप्टी सीएम बनाने का बयान पहले भी दे चुके हैं। उन्होंने ब्राह्मण डिप्टी सीएम के बाद वह 4 डिप्टी सीएम बनानेकी बात भी कही थी। जबकि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान पहले ही किनारा कर चुके हैं और पार्टी की वरिष्ठ नेता कुमारी सैलजा पहले ही इसे खारिज कर चुकी हैं।

उनके चार उपमुख्यमंत्री वाले बयान पर प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया ने साथ दिया है। बाबरिया ने कहा है कि कांग्रेस की परंपरा रही है उसके साथ जुड़े हुए समाज के सभी वर्ग का सम्मान किया जाता है। कांग्रेस 36 बिरादरी का मान सम्मान करेगी। उन्होंने कहा कि परिस्थिति के हिसाब से हर वर्ग को मान सम्मान दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हैवी वेट पोर्टफोलियो हो सकता है। टाइटल क्या रहेगा उससे मैटर नहीं करता, यह समय पर तय कर लिया जाएगा।

बता दें कि हुड्डा ने रविवार को रोहतक जिले के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन किया था। इस ब्राह्मण सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने ऐलान किया था कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार आई तो ब्राह्मण समाज से डिप्टी सीएम होगा। वहीं मजबूत ब्राह्मण आयोग भी बनाया जाएगा। उन्होंने चार डिप्टी सीएम बनाने की बात कही।

किसानों ने सरकार की अपील को किया अनसुना, खेतों में जल रही पराली

एक महीने में ऐसी 62 घटनाएं सामने आई, प्रशासन ने सिर्फ अंबाला के किसानों से 90 हजार का जुर्माना वसूला

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद बड़ी संख्या में किसान बाज नहीं आ रहे हैं। सरकार द्वारा की गई योजना और सख्ती बरते जाने पर भी वे फसलों के अवशेषों को आग की भेंट चढ़ा रहे हैं। उन्हें इससे प्रदूषण फैलने से कुछ लेना देना नहीं है।

पाया गया है कि प्रदेश में अंबाला समेत 11 जिलों के किसान सरकार की अपील को अनसुना कर रहे हैं। इनमें अंबाला जिला सबसे ऊपर है। देखा गया है कि पिछले एक महीने में पराली जलाने की 62 घटनाएं हो चुकी हैं। इससे साबित होता है कि अब ऐसे किसानों के खिलाफ कड़े कदम उठाने से ही इन घटनाओं को कम किया जा सकेगा।

एक रिपोर्ट के अनुसार राज्य में इस वर्ष 15 सितंबर से 13 अक्टूबर तक 374 जगह आग लगाने की घटनाएं हुई हैं। इसके लिए दोषी किसानों के प्रशासन ने चालान किए हैं।

कहां कितनी घटनाएं हुईं

जिला प्रशासनों के अनुसार अंबाला, फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र, सोनीपत, जींद, करनाल, कैथल और यमुनानगर में पराली में आग लगाने के ज्यादा मामले सामने आए हैं। कृषि विभाग का कहना है कि अंबाला जिले में 62, फतेहाबाद में 53, कुरुक्षेत्र में 51, जींद में 41, सोनीपत में 34, यमुनानगर व कैथल में 31-31, करनाल में 23, हिसार में 16, पंचकूला, पानीपत और पलवल में 12-12, फरीदाबाद, झज्जर व सिरसा में 2-2, भिवानी व रोहतक में 1-1 और चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, नूंह, रेवाड़ी व गुरुग्राम में कोई मामला सामने नहीं आया।

चालान किए, जुर्माना वसूला

कृषि विभाग ने अंबाला जिले में 12 अक्टूबर तक 90 हजार रुपए जुर्माना वसूल किया है। जिले में 75 मामले सामने आए हैं। बकायदा 42 जगहों पर आग लगाए जाने की पुष्टि हुई। अभी तक कुल 35 चालान कर 90 हजार रुपए जुर्माना वसूला है। दो किसानों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई है।

सोशल मीडिया प्रतिनिधियों ने सीएम का जताया आभार

सरकार नवीन मीडिया पेशेवरों के लिए कल्याणकारी नीति लाई,इससे उनका भविष्य होगा मजबूत : मनोहर लाल

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल से आज उनके सरकारी आवास कबीर कुटिया में सोशल मीडिया से संबंधित कई प्रतिनिधि मिले और राज्य में हरियाणा डिजिटल मीडिया विज्ञापन नीति, 2023÷ के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

बता दें कि यह विज्ञापन नीति विशेष रूप से सोशल मीडिया न्यूज़ चैनलों के लिए तैयार की गई है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समाज में सोशल मीडिया द्वारा निभाई जाने वाली आवश्यक भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार मीडिया पेशेवरों के भविष्य को मजबूत करने और उन्हें आधुनिक युग में सच्चाई लिखने के लिए सशक्त बनाने के लिए यह नवीन कल्याणकारी नीति लेकर आई है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल ही में जो हरियाणा डिजिटल मीडिया विज्ञापन नीति, 2023 नीति बनाई गई है ,वह आधिकारिक तौर पर सोशल मीडिया के लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करती है और उन्हें पत्रकारों का दर्जा प्रदान करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मीडिया परिदृश्य में उनकी पहचान और प्रभाव में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन लाने में सही साबित होगी। उन्होंने बताया कि इस नीति में सोशल मीडिया पर चैनल के सबस्क्राइबर , फॉलोवर और पोस्ट वॉल्यूम जैसे कारकों को ध्यान में रखा गया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव आर के खुल्लर, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली, सूचना , जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के मीडिया सचिव प्रवीण अत्रे एवं प्रचार सलाहकार तरुण भंडारी,मुख्य मीडिया समन्वयक सुदेश कटारिया, मीडिया समन्वयक मुकेश वशिष्ठ, जगमोहन आनंद, अशोक छाबड़ा, सोशल मीडिया ग्रंप प्रतिनिधि राजबीर रोहिल्ला और सोशल मीडिया की अन्य हस्तियां मौजूद रहीं।

राजस्थान के पास व्यवस्था परिवर्तन का सुनहरा अवसर : दुष्यंत

अपील की : राजस्थान के हित में स्थानीय लोग जेजेपी का साथ दें ताकि हम सब मिलकर इस राज्य में बड़ा बदलाव ला सकें

भरोसा मित्र

सीकर। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि राजस्थान की जनता के पास कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार से छुटकारा पाकर प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन लाने का सुनहरा अवसर है। उन्होंने कहा कि जेजेपी ने हरियाणा में बड़े बदलाव के कदम उठाकर गरीब किसान, कमेरे, युवा वर्ग को लाभान्वित किया है इसलिए राजस्थान के हित में स्थानीय लोग जेजेपी का साथ दें ताकि हम सब मिलकर राजस्थान में बड़ा बदलाव ला सके।

वे शनिवार को जेजेपी की जन संकल्प यात्रा के दूसरे दिन देश के उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की कर्मभूमि सीकर और जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला की कर्मभूमि दातारामगढ़ क्षेत्र में स्थानीय लोगों को संबोधित कर रहे थे। मेगा रोड शो के दौरान जगह-जगह पर दुष्यंत चौटाला का जोरदार स्वागत किया गया। डिप्टी सीएम की मौजूदगी में विभिन्न राजनीतिक लोगों ने जेजेपी में शामिल होने की घोषणा की।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी ने सरकार में हिस्सेदारी करके हरियाणा में बड़े परिवर्तन लाकर दिखाएं है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा के किसानों की 13 फसलें एमएसपी पर खरीद जा रही है जबकि राजस्थान के किसानों को उनकी फसलों का उचित दाम नहीं मिल रहा है। डिप्टी सीएम ने कहा कि हरियाणा में किसानों की फसलों की बेहतर ढंग से खरीद करके दो दिन में उसका सीधा खातों में भुगतान किया जाता है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के युवाओं को प्राइवेट सेक्टर में रोजगार देने के लिए 75 प्रतिशत रोजगार कानून बनाया गया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में जेजेपी की सरकार में हिस्सेदारी होने पर यहां के युवाओं के लिए भी प्राइवेट उद्योगों में स्थानीय युवाओं के लिए 75 प्रतिशत रोजगार का हक दिलाया जाएगा। इसी तरह हरियाणा की तर्ज पर यहां महिलाओं को राशन डिपो में 33 प्रतिशत आरक्षण, पंचायती संस्थाओं में 50 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण देने की व्यवस्था की जाएगी।

जन संकल्प यात्रा की कमान संभाल रहे जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने रोड शो के दौरान दुकानदारों, स्थानीयों लोगों के पास जाकर जेजेपी को समर्थन देने की अपील की। उन्होंने कहा कि जननायक चौधरी देवीलाल की नीतियों पर चलने वाली पार्टी जेजेपी राजस्थान में बदलाव लाना चाहती है। दिग्विजय ने कहा कि राजस्थान के लोगों से उनका पुराना नाता है। उन्होंने कहा कि दुष्यंत चौटाला हरियाणा की तरह राजस्थान के किसानों, महिलाओं, युवाओं, कमेरे वर्ग के हित में ऐतिहासिक कदम उठाने की क्षमता रखते है इसलिए स्थानीय लोग दुष्यंत चौटाला और जेजेपी का साथ दें। इस दौरान सरदार सिंह आर्य खंडेला अपने समर्थकों सहित जेजेपी में शामिल हुए। सरदार सिंह आर्य भाजपा के सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक और भाजपा मंडल महामंत्री रहे हैं। वे वर्तमान में ग्राम सेवा सहकारी समिति के 17 सालों से अध्यक्ष हैं। इनके पिता स्वर्गीय हनुमान सिंह आर्य दो बार पंचायत समिति के प्रधान रह चुके हैं और विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं, जिन्होंने उस समय 25000 मत प्राप्त किए थे। इनके पिता हनुमान सिंह आर्य इस क्षेत्र के जाने-माने राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी रहे हैं। राजस्थान से जेजेपी महिला प्रदेश अध्यक्ष रीटा चौधरी व स्थानीय नेताओं ने डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का स्वागत किया। भारत के भूतपूर्व उपराष्ट्रपति स्वर्गीय भैरों सिंह शेखावत के गांव खाचरियावास में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला का जोरदार स्वागत हुआ। ग्रामीण ऊंटगाड़ी पर बैठाकर हरियाणा के डिप्टी सीएम को सभा स्थल तक लेकर गए। दुष्यंत चौटाला ने रनोली, पलसाना, गोवटी, डूकिया, अलोदा, खाटू श्याम जी, धींगपुर, जालंद, मांगपुरा, रूलाना, कचरियावास, कूली, चक, कराद, राजपुरा, कांकरा, डांसरोली, धोलासरी, दांता रामगढ़ आदि स्थानों पर जनसंपर्क किया। इस अवसर पर हरियाणा जेजेपी अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, राजस्थान के युवा प्रदेश अध्यक्ष प्रतीक मेहरिया सहित अनेक स्थानीय नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लड़कियों के आपत्तिजनक फोटो वायरल करने वाला पकड़ा गया

चंडीगढ़। शहर के एक प्राइवेट स्कूल की छात्राओं की आपत्तिजनक तस्वीर सोशल मीडिया वायरल करने के मामले में पुलिस ने जाने माने बिल्डर के नाबालिग बेटे को गिरफ्तार किया है। उसके कुछ और साथी पुलिस के राडार पर हैं। उनसे पूछताछ जारी है।

पुलिस का मानना है कि इस मामले में उसके साथ कुछ और युवक भी हो सकते हैं। यह नाबालिग इन्हीं छात्राओं का सहपाठी है। उसे जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया गया, जहां से बाल सुधार गृह में भेज दिया गया। हाल ही में स्कूल की कुछ छात्राओं के अभिभावकों ने पुलिस को शिकायत दी में आरोप लगाया था कि स्कूल की ऑफिशियल वेबसाइट से उनकी बच्चियों की फोटो डाउनलोड करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से उन्हें आपत्तिजनक बनाकर उन्हें सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि जिस छात्र को गिरफ्तार किया गया उसके पिता नामी गिरामी प्रॉपर्टी डीलर हैं।

राजनीति

भूपेंद्र सिंह हुड्डा को यूथ कांग्रेस प्रधान ने दिया समर्थन

चार डिप्टी सीएम का आइडिया बिल्कुल सटीक : बुद्धिराजा

कहा: हुड्डा जात-पात की राजनीति नहीं करते,उनके प्रयासों से युवा कांग्रेस में विभिन्न जातियों के लोगों को पद मिले

भरोसा मित्र

रोहतक। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा ने पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के 4 डिप्टी सीएम बनाने के बयान का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि वह इससे 100 प्रतिशत सहमत हैं। हुड्डा 10 सालों तक हरियाणा के सीएम रहे हैं, प्रदेश को कैसे चलाना है इसके उनके पास अच्छा अनुभव है। वह जात-पात की राजनीति नहीं करते। उनके प्रयासों से युवा कांग्रेस में विभिन्न जातियों के लोगों को पद मिले।आज वे रोहतक पहुंचे थे और कांग्रेस के युवा संगठन को मजबूत करने पर यहां चर्चा की गई।

कांग्रेस की गुटबाजी के सवाल पर बुद्धिराजा ने कहा कि पार्टी में गुटबाजी नहीं है। राजनीति में हर किसी की इच्छा होती है और इच्छाएं रखना गलत नहीं। जो लोग मेहनत करते हैं, स्वाभाविक है उनकी आगे बढ़ने की इच्छा होती है। उन्होंने विश्वास जताया कि पार्टी का संगठन जल्द तैयार हो जाएगा। कांग्रेस 2024 का चुनाव पूरे संगठन के साथ लड़ेगी। बुद्धिराजा ने दावा किया कि आने वाले चुनाव में भाजपा का सफाया होगा और कांग्रेस सरकार बनाएगी।

नशा डंडे से खत्म होगा, साइकिल से नहीं

बुद्धिराजा ने कहा कि प्रदेश में बढ़ते हुए नशे को देखकर अब इसे उड़ता हरियाणा कहा जाने लगा है। सरकार बड़े-बड़े वादे करती है और साइकिल चलाकर नशा खत्म करने की बात कहती है, लेकिन नशा डंडे से ही समाप्त होगा। आज जरूरत है कि पुलिस के जरिए नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में हरियाणा जोड़ो अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत 7 मुद्दे चिह्नित किए गए हैं। इन्हें लेकर हरियाणा के नौजवानों से संपर्क किया जा रहा है। इनमें मुद्दों में सरकारी भर्ती, बेरोजगारी, अग्निवीर भर्ती योजना, नशा, विदेश पलायन, शिक्षा व खेल शामिल हैं।

धान की सुचारू खरीद के लिए रिलीज ऑर्डर जारी करे सरकार: हुड्डा

किसानों को पोर्टल के हवाले करके अपनी जिम्मेदार से ना भागे बीजेपी-जेजेपी

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने धान की सुचारू खरीद के लिए सरकार को कई सुझाव दिए हैं। उन्होंने मांग की है कि सेलरों के कोटे में उचित बढ़ोतरी की जानी चाहिए। क्योंकि कोटा कम होने की वजह से मंडी में धान खरीदने वालों की संख्या बेहद कम है। इसके चलते ना सुचारू तौर पर खरीद हो पा रही है और ना ही किसानों को उचित रेट मिल रहा है। किसानों को प्रति क्विंटल 200 से 300 रुपये का घाटा हो रहा है।

हुड्डा ने कहा कि सरकार को किसानों की समस्या के समाधान के लिए रिलीज ऑर्डर जारी करने चाहिए। ताकि खरीददार अपने आसपास की मंडियों में जाकर भी खरीद कर सकें। प्राइवेट एजेंसियों को यह छूट मिलने से खरीददार बढ़ेंगे और किसानों को ज्यादा रेट मिलने की संभावना बढ़ेगी।

नेता प्रतिपक्ष ने धान के निर्यात से रोक हटाने की मांग को भी दोहराया। साथ ही उन्होंने कहा कि एक्सपोर्ट ड्यूटी को भी खत्म किया जाना चाहिए ताकि किसानों को अंतरराष्ट्रीय मार्केट के ऊंचे दामों का लाभ मिल सके।

हुड्डा ने बताया कि उन्होंने कई मंडियों का दौरा करके किसानों की समस्याओं को जाना है। इसी आधार पर वह सरकार को सुझाव दे रहे हैं। बीजेपी-जेजेपी सरकार द्वारा अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़कर किसानों को 'मेरी फसल, मेरा ब्यौरा' जैसे पोर्टल के हवाले करना न्यायोचित नहीं है। क्योंकि हरेक खरीद सीजन में ये पोर्टल काम करना बंद कर देते हैं, जिससे किसानों की परेशानी बढ़ती है

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।

दैनिक भरोसा मित्र

गुरुग्राम

03

www.dainikbharoosa.com

dainikbharosa

गुरुग्राम, रविवार, 15 अक्टूबर 2023

बावल के 15 गांवों में विकास कार्यों के लिए 176...

अंदर देखे

सतनाली को मिले नगरपालिका का दर्जा...

अंदर देखे

खबर फटाफट

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर मनोनीत

गुरुग्राम। भारत सरकार के शहरी एवं आवास मंत्रालय द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित किए जाने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदंडों के तहत प्रत्येक प्रतिभागी शहर को अपने यहां के गीत-संगीत, कला-संस्कृति व फिल्म-थिएटर से जुड़ी विभूतियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा विद्यार्थियों को स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर बनाया जाता है। इसी कड़ी में नगर निगम गुरुग्राम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के तहत ब्रांड एंबेसडर मनोनीत किए गएहैं। इनमें प्रसिद्ध हरियाणवी देशी रॉक स्टार मन्नू दवन उर्फ एमडी देशी रॉकस्टार, यंगेस्ट माउंटेनियर हेयांश कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता राज सैनी, सामाजिक कार्यकर्ता कुलदीप हिन्दुस्तानी, शिक्षाविद अर्जुन वशिष्ठ,सामाजिक कार्यकर्ता सारिका खरगवाल, कोमल चौधरी व आयुष जैन शामिल हैं। इसी प्रकार विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों को भी स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर मनोनीत किया गया है, जिनमें यशिका रोहिल्ला, देवयानी शर्मा, कुंजन,कुमाक्षी, नव्या जांगड़ा, राशि रोहिल्ला, विहान जोशी, दीपिका तथा कोमल के नाम शामिल हैं। नगर निगम गुरूग्राम द्वारा रंगभूमि ओपन एयर थिएटर में आयोजित किए गए कार्यक्रम में इन ब्रांड एंबेसडर को मनोनीत किया गया।

डीएलएफ फेज एक सामुदायिक भवन में डांडिया की मचेगी धूम

गुरुग्राम। डीएलएफ फेज एक स्थित एफ-ब्लाक सामुदायिक भवन में 16 अक्टूबर की सोमवार शाम डांडिया नाइट की धूम मचेगी। कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर है। हर साल की तरह इस बार भी नवरात्रि उपलक्ष में डांडिया की धूम मचेगी। क्षेत्र की निवर्तमान नगर निगम

पार्षद रमा रानी राठी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के ओएसडी विरेन्द्र सिंह बडखालसा, ओएसडी पवन चौधरी, विधायक सुधीर सिंगला, निवर्तमान महापौर मधु आजाद शामिल होंगी। आयोजक रमा रानी राठी ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि हर साल की तरह इस साल भी डांडिया की धूम मचेगी। कार्यक्रम का आयोजन एफ-ब्लाक सामुदायिक भवन डीएलएफ फेज एक में किया जाएगा। आरती, धुनुची, गरबा आदि का आयोजन होगा। लोगों के आकर्षण के लिए 40 से अधिक स्टॉल लगवाए है जिन पर लोग खरीदारी कर सकते है और खानपान व्यंजनों के भी स्टॉल लगाए गए है। रमा रानी राठी ने बताया कि बीते साल भी हमारा डांडिया कार्यक्रम हिट रहा था। एक हजार से अधिक लोग कार्यक्रम में पहुंचे और डांडिया में जमकर नाचे।

अपरेल हाउस में जुटे छह जिलों के **सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर**

मिशन 2024 को जीतने के लिए वालिंटियर निभाएं सिपाही की भूमिका : ओपी धनखड़

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की सोशल मीडिया वॉलिंटयर मीट में एकत्रित हुए छह जिलों के सैकडों सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड ने कहा कि मिशन 2024 को जीतने के लिए सभी वालिंटियर सिपाही की भूमिका निभाएं। उन्होंने सभी वालिंटियर्स को चुनाव जीतने की तैयारियों में अभी से जुट जाने को कहा। इस अवसर पर राज्यसभा के सांसद और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने वालिंटियर्स को विपक्ष के झूठे नेरेटिव को तोडने के लिए काम करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि समय-समय पर वॉलिंटियर्स को अपने व्यवहार और आचरण का आंकलन करना चाहिए और सच्चाई जानकर ही किसी भी विषय को आगे बढाना चाहिए। आज इस कार्यक्रम में हरियाणा अनेक कलाकार भी उपस्थित रहे जिन्होंने अपने गीतो के माध्यम से मोदी सरकार की उपलब्धियां बताई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि जो दूसरों के पीछे चलते हैं और जिनकी अपनी सोच और चिंतन नहीं हैं वे स्वयं सेवक नहीं हो सकते। वालिंटियर्स में जोश भरते हुए उन्होंने कहा कि मजबूत जज्बे के साथ चुनाव 2024 में सोशल मीडिया के जरिए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। धनखे ने कहा कि चुनौतियां हर जमाने में रहती है। उन्होंने एकजुट होने का आह्वान करते कहा कि जो एकजुट रहे वो चलते रहे, जो बंट गए वे मिट गए। एकजुटता नहीं होने के कारण हम पानीपत की तीसरी लडाई हार गए। अगर यह लडाई हम जीत जाते तो निश्चित ही भारत में अंग्रेजी शासन नहीं आता। सुधांशु ने कहा कि विपक्ष ने सत्ता पाने के लिए समाज को जातियों में बांटने की कोशिश की। आज भी कुछ शक्तियां जातिवाद में बांटकर सत्ता पर काबिज होने का षडयंत्र रच रही है। उन्होंने कहा कि दूसरी पार्टियां चुनावमूलक हैं, जातिवाद का चूर्ण देकर लोगों को भ्रमित करती है। इस मौके पर संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री पवन सैनी, प्रदेश मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रमुख डा. संजय शर्मा, जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, प्रदेश मीडिया सह प्रमुख अरविंद सैनी, सोशल मीडिया सह प्रमुख रामबीर भाटी, प्रदेश प्रवक्ता वंदना पोपली, प्रदेश निर्माण समिति उपाध्यक्ष हरविन्द्र कोहली, हर्ष चतुर्वेदी, कलाकार बिन्दर दनौदा, प्रदीप बूरा, रमेश चहल, पूजा हुड्डा, कुमारी पम्मी मोटान सहित फरीदाबाद, पलवल, गुरुग्राम, झज्जर, नूंह व रेवाडी से सोशल मीडिया के वॉलिटियर्स व पदाधिकारी उपस्थित थे।

हम हनुमान जी की तरह अपनी शक्ति को भूले

एक जमाने की चुनौती थी कि हम गुलाम थे और हमारे वीर सेनानियों ने अपने मकसद के लिए अपना सबकुछ दाव पर लगा दिया। भगत सिंह, राजगुरू, सुखेदव, चंद्रशेखर आजाद ने तो अपनी जान तक दे दी। राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद सुंधाशु त्रिवेदी ने कहा कि श्रीराम बोलने से बहुत से मारीचों और कालनेमियों को परेशानी होने लगी है और इस षडयंत्र में जुट गए हैं कि किस तरह से इनको रास्ते से भटकाया जाए। हमारी स्थिति हनुमान की तरह है। हम हनुमान जी की तरह अपनी शक्ति को भूले हुए हैं, जो-जो शक्ति हमें याद आती जा रही है तो हम सकारात्मक रूप से देश की उन्नति के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन ये तमाम प्रतिगामी शक्तियां हमें बांटने की जुगत में लग गई है।

डॉक्टर सारिका वर्मा से दैनिक भरोसा की **खास बातचीत**

पार्टी ने मौका दिया तो जरूर लड़ूंगी विधानसभा चुनाव

भरोसा मित्र डेस्क

परिवार जोडो अभियान को मिल रहा है भरपूर समर्थनः सारिका वर्मा

कहा, देश और प्रदेश में भाजपा से हो चुका है लोगों का मोहभंग

गुरुग्राम। आम आदमी पार्टी की डॉक्टर विंग की प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सारिका वर्मा ने कहा कि अगर पार्टी ने मौका दिया तो विधानसभा चुनाव जरूर लड़ूंगी । मैं दिल्ली पंजाब की तर्ज पर गुरुग्राम का विकास करुंगी । मैं गुरुग्राम को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने का काम करूंगी ! आज गुरुग्राम के लोग दयनीय जीवन जीने को मजबूर हो रहे है ! गुरुग्राम को बेशक मिलेनियम सिटी कहा जाता हो लेकिन अगर बात करें विकास की तो यहां सड़क ,बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधायें देने में सरकार विफल साबित हुई है ।

यहां प्रशासन भी सरकार की कठपुतली बना हुआ है जरा सी बारिश में गुरुग्राम जलग्राम बन जाता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में चल रहे आम आदमी पार्टी के परिवार जोड़ो अभियान को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है । उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश और प्रदेश की भाजपा सरकार से लोग दुखी है । सरकार की कुनीतियों से हर वर्ग परेशान हो रहा है । उन्होंने कहा कि आजलोग दिल्ली और पंजाब की सरकारों का काम देख रहे है और वाहवाही कर रहे है ।

उन्होंने कहा की दिल्ली में केजरीवाल की सरकार हर वर्ग के लिए और हर क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किये है और इन्हीं नीतियों को लेकर हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी चुनाव मैदान उतरेगी और प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी ।

उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी पिछले 1 महीने से परिवार जोड़ो अभियान कर रही है। हर वार्ड में घर-घर जाकर लोगों की समस्याएं पर चर्चा कर रही है। डॉ सारिका ने बताया वार्ड 10,11,16,19, 24, 25, 28 मे उनकी टीम लोगों से रूबरू हो चुकी है, लेकिन प्रजापति मोहल्ले झाड़सा जैसा बुरा हाल कहीं उजागर नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि हम उम्मीद कर रहे हैं इस एरिया के जोनल कमिश्नर यहां लोगों के बीच पहुंचेंगे और तुरंत प्रभाव से लोगों को राहत दिलाएंगे। ये कथन आम आदमी पार्टी की डॉक्टर विंग की प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सारिका वर्मा ने दैनिक भरोसा कार्यालय में खास बातचीत करते हुए कहे।

आप नेताओं को झूठे केसों में फंसाकर जेल भेजा जा रहा

केंद्र सरकार पर उन्होंने कहा कि आप नेताओं पर बेबुनियाद आरोप लगाकर जेल भेजा रहा है। पूछताछ के बहाने प्रताड़ित किया जा रहा है जिससे साबित होता है कि केंद्र सरकार अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर रही है उन्होंने कहा कि सतेंद्र जैन आठ महीने से जेल में है, लेकिन आज तक उनपर आरोप सिद्ध नहीं हुए फिर भी वो जेल में हैं।

पूर्व मंत्री ने किया ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क

कांग्रेस की सरकार बनने पर अग्निवीर भर्ती को करेंगे बंद : अजय सिंह यादव

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव गुडे ंव लोकसभा क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने गांव हरियाहेड़ा, रायसीना, सहसोला पट्टी, राठीवास, भूडका, दिनोकरी इत्यादि गांवों में पहुंचकर जनसंपर्क किया। वही ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री का पगड़ी बांधकर व फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान अपने संबोधन में पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने बताया देश का पहला अग्निवीर फौजी जम्मू कश्मीर में शहीद हुआ लेकिन सरकार की घटिया पॉलिसी के आगे उसको शहीद का दर्जा नही मिला। 19 साल की उम्र में जम्मू कश्मीर में हुए देश का पहला अग्निवीर शहीद अमृतपाल सिंह की डेडबॉडी पार्थिव शरीर उसके मानसा के गांव कोटली कलां में लेकर आये, 2 फौजी वो भी सिविल ड्रेस ओर प्राइवेट एम्बुलेंस में छोडे र चले गए । मानसा जिले का गांव कोटली कलां के लोगों ने फौजियों से पूछा के ये शहीद हुए है तो इनको मान सम्मान मिलना चाहिए । इस पर फौजी बोले सरकार की नई पॉलिसी के तहत अग्निवीर को शहीद का दर्जा नही मिल सकता और ना ही सरकार इनको सलामी दे सकती हैं । फिर उसके बाद गाँव वालों ने स्क्क से बात करके पुलिस से सलामी दिलवाई। उससे ज्यादा दुखद क्या होगा।इसीलिए एक्सससर्विस मैन अग्निवीर भर्ती का विरोध कर रहे है। कैप्टन अजय सिंह यादव ने दावा किया कांग्रेस की सरकार बनने पर अग्निपथ भर्ती बंद कर फौज में पक्की भर्ती की जाएगी। यादव ने बताया मौजूदा भाजपा सरकार ने लोगों को परिवार पहचान पत्र और प्रॉपर्टी आईडी में उलझाया हुआ है। इनका भी समाधान करवाया जायेगा। इस मौके पर सतबीर पहलवान, ओमवीर , रमेश, सुबे, अमित यादव, सोनू, मोतीराम, सतनारायण, इंद्रजीत, धर्मबीर आदि मौजूद रहे।

देशी रॉक स्टार एमडी व सुभाष फौजी ने जगाई देशभक्ति की अलख

गुरुग्राम। हरियाणा के प्रसिद्ध देशी रॉक स्टार एमडी व सुभाष फौजी ने अपने सुरों से गुरूग्राम में देशभक्ति की अलख जगाई। मौका था मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा के तहत नगर निगम गुरूग्राम द्वारा आयोजित मेगा कल्चरल इवैंट का। कार्यक्रम में देशभक्ति व हरियाणवी गीतों पर सभी श्रोतागण जमकर थिरके। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देशभर में चल रहे मेरी माटी मेरा देश अभियान के दूसरे चरण के तहत पूरे देश में अमृत कलश यात्रा निकाली जा रही है। नगर निगम गुरूग्राम द्वारा 1 अक्तुबर से 13 अक्तुबर तक निगम क्षेत्र के 37 स्थानों पर अमृत कलश यात्रा निकाली गई। शुक्रवार की शाम सैक्टर-29 स्थित रंगभूमि ओपन एयर थिएटर में गुरूग्राम व आसपास के क्षेत्रों से सैंकड़ों लोग मेगा कल्चरल इवैंट में शामिल हुए।

नए बिजली कनेक्शन की केबल निगम उपलब्ध करवाएगा : अमित खत्री

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम अपने उपभोक्ताओं को स्वयं सर्विस कनेक्शन केबल उपलब्ध करवाएगा। प्रबंध निदेशक अमित खत्री ने बताया कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के पास एक (सिंगल) फेस के नए कनेक्शन जारी करने के लिए पीवीसी केबल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। निगम ने सभी ऑपरेशन उपमंडल कार्यालय में उसका अग्रिम आवंटन कर दिया है। उन्होंने बताया कि अब से, यदि आवंटन के बावजूद उपभोक्ताओं से पीवीसी केबल मांगने की कोई शिकायत सामने आती है, तो इसे बहुत गंभीरता से लिया जाएगा और दोषी अधिकारी एवं कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस संदर्भ में सभी संबंधितों को सख्त और सावधानीपूर्वक अनुपालन के लिए उचित निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि बिजली निगम के स्टोर में पर्याप्त केबल उपलब्ध है। नए कनेक्शन को ध्यान में रखते हुए, सभी ऑपरेशन उपमंडल के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सिंगल फेस के नए कनेक्शन जारी करने के लिए निगम के पास उपलब्ध एलटी पीवीसी केबल का ही उपयोग करें। इस संबंध में संबंधित उपभोक्ताओं से फीडबैक लें और यह सुनिश्चित करें कि आवेदक से फील्ड स्टाफ द्वारा किसी पीवीसी की मांग नहीं की जा रही है ।

70वें श्रीरामलीला मंचन एवं दशहरा उत्सव का आयोजन शुरु

गुरुग्राम, भरोसा मित्र। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भीम नगर स्थित श्रीकृष्ण मंदिर की श्री सनातन धर्मसभा द्वारा 14 अक्तूबर से 24 अक्तूबर तक 70वें श्रीरामलीला मंचन एवं दशहरा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के प्रधान पवन पाहूजा व महासचिव किशोरीलाल डूडेजा ने बताया कि 14 अक्तूबर को हवन व रावण-वेदवती के साथ रामलीला शुरु होगी। जिसके बाद 15 अक्तूबर को श्री राम जन्म, 16 अक्तूबर को ताडका वध एवं सीता स्वयंवर, 17 अक्तूबर को राम वनवास, 18 अक्तूबर को भरत मिलाप, 19 अक्तूबर को पंचवटी एवं रावण मारीच, 20 अक्तूबर को सीता हरण, 21 अक्तूबर को अशोक वाटिका, 22 अक्तूबर को रावण अंगद संवाद, 23 अक्तूबर को लक्ष्मण मूर्छा एवं रावण वध तथा 24 अक्तूबर को दशहरा उत्सव एवं श्रीराम का राज्यभिषेक के साथ रामलीला का समापन होगा। मंच संचालन सुरेश मल्होत्रा व भारत भूषण दीवान करेंगे। चीफ डायरेक्टर सुरेश मल्होत्रा व वरुण बांगिया, सह निर्देशक तुषार वर्मा, सोनू प्रधान होंगे। संगीत निर्देशक के रुप में विक्रांत कपूर, सुधीर कुमार, नमन कपूर अपना सहयोग देंगे। रुप सज्जा निर्देशक के रुप में राजेश टुटेजा, उमेश वर्मा व कमल वर्मा आदि योगदान देंगे। आयोजन को सफल बनाने में दिनेश चड्ढा, अनिल वर्मा, महेश चड्ढा, ओमप्रकाश पाहूजा, जनक वर्मा, सन्नी कपूर, गौरव कपूर, कृष्ण कुमार झांव, वीरेंद्र डुडेजा आदि का सहयोग रहेगा।

आस्था टीम जीएल शर्मा की ओर से आयोजन की तैयारियां पूरी

1008 सुंदर कांड पाठ का आज से होगा श्री गणेश

भगवान परशुराम वाटिका में सुबह दस बजे पाठ का होगा शुभारंभ

भरोसा मित्र डेस्क

गुरुग्राम। पहली बार गुरुग्राम की पावन धरा एक अनोखे धर्मिक अनुष्ठान की गवाह बनने जा रही है। इस विशेष अवसर की सूत्रधार बन रही है हरियाणा भाजपा के उपाध्यक्ष एवं डेयरी सहकारी विकास प्रसंघ के पूर्व चैयरमेन जीएल शर्मा की टीम। टीम जीएल शर्मा की ओर से सुंदर कांड के 1008 पाठ कराने का संकल्प लिया गया। जिनका आज से विधिवत शुभारंभ होगा। सुंदरकांड का पहला पाठ पटौदी चौक के नजदीक भगवान परशुराम वाटिका में भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10ः00 बजे आरंभ होगा। पाठ के बाद श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की भी व्यवस्था टीम की ओर से की गई है। मां दुर्गा के पहले नवरात्र से शुरू होने वाले सुंदरकांड

पाठ के आयोजन का सिलसिला लगभग साल भर तक जारी रहेगा। इस बीच टीम की ओर से पहले पाठ के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। आयोजन में जिले भर के कोने-कोने से सैकड़ो सरदारों और राम भक्तों के पहुंचने का अनुमान है। टीम ने राम भक्तों के आगमन को देखते हुए तैयारी और बेहतरीन व्यवस्थाएं की है। आयोजन में विभिन्न समाज की सामाजिक संस्थाओं के साथ-साथ जिले भर की धार्मिक और सांस्कृतिक संस्थाएं भी अपनी भागीदारी करेंगी। साथी शहर की विभिन्न कॉलोनी, सेक्टरों और सोसाइटियों की आरडब्ल्यूए भी सुंदरकांड के पहले पाठ के भव्य आयोजन की गवाह बनेगी। टीम जीएल शर्मा के सदस्य महेश वशिष्ठ, सुमित शर्मा, प्रतीक शर्मा, प्रवीण खटाना एवं अन्य ने पटौदी चौक स्थित भगवान परशुराम वाटिका पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इन लोगों ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। आगंतुक श्रद्धालुओं के लिए टीम की ओर से विशेष व्यवस्थाएं की गई है। पाठ के बाद श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद के रूप में भोजन की भी व्यवस्था की गई है।

मनुष्य के लिए हितकारी है सुंदरकांड पाठ : शर्मा

पाठ के मुख्य आयोजक राम भक्त जीएल शर्मा ने बताया कि हिंदू धर्म में सुंदरकांड पाठ का विशेष महत्व है। सुंदरकांड पाठ में भगवान हनुमान के बारे में विस्तार से बताया गया है। तुलसीदास द्वारा रचित सुंदरकांड सबसे ज्यादा लोकप्रिय और महत्वपूर्ण माना गया है। मान्यताओं के अनुसार जो भी व्यक्ति नियमित अंतराल में घर पर सुंदरकांड का पाठ करता है उसे प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। भगवान हनुमान जल्द प्रसन्न होने वाले देवता हैं। ये बल, बुद्धि और कृपा प्रदान करने वाले माने जाते हैं। सुंदरकांड का पाठ करने से व्यक्ति को जीवन में कई सकारात्मक बदलाव देखने को मिलते हैं। जो भी जातक प्रतिदिन सुंदरकांड का पाठ करता है उसकी एकाग्रता और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। सुंदरकांड का पाठ करने से व्यक्ति के अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। ऐसे में उसके द्वारा किए जाने वाले किसी भी काम का परिणाम हमेशा सकारात्मक ही मिलता है।

खबर फटाफट

विधानसभा चुनावों में कांग्रेस बनाएगी स्पष्ट बहुमत से सरकार : महेश

सोहना। सोहना विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा पीसीसी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने दावा किया है कि राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना तथा मिजोरम में होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी स्पष्ट बहुमत हासिल कर सरकार बनाएगी क्योकि आज देश व विभिन्न प्रदेशों की जनता भाजपा की लूट व झूठ भरी नीतियों से तंग आ गई है। इसलिए देश की जनता अब कांग्रेस पार्टी की तरफ निहार रही है। सोहना विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा पीसीसी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों से आहवान किया कि वह पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करे और प्रदेश में मौजूदा भाजपा-जजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से आम जनमानस को विस्तार से अवगत कराए। बातचीत के दौरान कांग्रेस पार्टी में पीसीसी मैंबर पंकज भारद्वाज तथा नंबरदार बीर सिंह खटाना दमदमिया, कांग्रेस नेता नौरंग खटाना बेरका, राकेश शर्मा साचौलिया, ओमप्रकाश माठू, अशोक रोहिल्ला, भूषण सिंगला, मनीष गौड़, सूरज खटाना दमदमिया, ठाकुरदास शर्मा, हरिओम छोकर एडवोकेट, ठेकेदार पंकज मंगला आदि प्रमुखजनों समेत कांग्रेस कार्यकर्ता खासी तादाद में मौजूद रहे।

वरदान अस्पताल व ट्रामा सेंटर में मिलेगी आधुनिक सुविधाएं : डा. प्रवीण

सोहना। यहां पर सडक़ दुर्घटनाओं व हादसों में घायल गंभीर रोगियों को अब दिल्ली, गुरूग्राम ले जाने से निजात मिलेगी क्योकि शहर में खेलस्टेडियम के सामने स्थित वरदान अस्पताल और ट्रामा सेंटर में 24 घंटे आपातकालीन सेवा के साथ-साथ आपातकालीन अल्ट्रासाउंड व प्रयोगशाला भी उपलब्ध है। इतना ही नही वरदान अस्पताल और ट्रामा सेंटर में अब ईएनटी रोग विशेषज्ञ डाक्टर की सेवाएं भी उपलब्ध हो गई है। ईएनटी रोग विशेषज्ञ डाक्टर मनीष कुमार के साथ-साथ मुंह, गला, कैंसर रोग वाले रोगियों की सुविधा के लिए वरदान अस्पताल और ट्रामा सेंटर में प्रत्येक बृहस्पतिवार को ओपीडी सुविधा उपलब्ध कराई गई है जोकि प्रात~ 11 बजे से 2 बजे तक उपलब्ध रहेगी। वरदान अस्पताल और ट्रामा सेंटर के निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव ने बताया कि अस्पताल में आईसीयू में वेंटिलेटर के साथ-साथ डिजिटल एक्स-रे सुविधा भी विशेष रूप से उपलब्ध कराई गई है। उन्होने बताया कि रोगियों को जीवनदान देने के लिए चिकित्सा क्षेत्र में पूर्ण रूप से प्रशिक्षित चिकित्सकों की टीम आपातकाल के लिए उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा अस्पताल में हार्निया, पथरी, पित्त की थैली, जलोदर, हाईड्रोसिल, गुर्दे की पथरी, बच्चेदानी का आप्रेशन, बवासीर आदि समेत सभी तरह के आप्रेशन और हड्डियों की सर्जरी की विशेष व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है।

एशियाई खेलों में विजेताओं को सरकारी नौकरी दे सरकार : नौरंग खटाना

सोहना। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता नौरंग खटाना बेरका ने एशियाई खेलों में देश का नाम रोशन करते हुए हरियाणा के खिलाडिय़ों द्वारा 44 मेडल जीतने पर खिलाडिय़ों को बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा के खिलाडिय़ों ने एक बार फिर सबसे ज्यादा मेडल जीतकर प्रदेश व देश का नाम विश्व के मानचित्र पर गौरान्वित किया है। जिसके लिए सभी खिलाड़ी व उनके प्रशिक्षक बधाई के पात्र है। उन्होने अपनी व कांग्रेस पार्टी की तरफ से पदक जीतने वाले खिलाडिय़ों को बधाई देते हुए कहा कि जिस तरह कांग्रेस राज में एशियाई खेलों के पदक विजेता खिलाडिय़ों कांग्रेस की 'पदक लाओ-पद पाओ' नीति के तहत डीएसपी जैसे उच्च पदों पर नियुक्ति की गई थी, उसी तर्ज पर भाजपा सरकार हरियाणा का नाम रोशन करने वाले खिलाडिय़ों को सरकारी नौकरी व इनाम राशि देकर उनका सम्मान करे क्योकि एशियाई खेलों में इस बार भी हरियाणा के खिलाड़ी सबसे आगे रहे है। एशियाई खेलों में खिलाडिय़ों के किए गए इस प्रदर्शन ने वर्ष-2010 कॉमनवेल्थ खेलों की याद दिला दी, जब देश को मिले कुल 38 में से 22 गोल्डमेडल अकेले हरियाणा के खिलाडिय़ों ने जीते थे। मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुडडा के शासन में राज्य में कांग्रेस सरकार द्वारा खेलों को आगे बढ़ाने के लिए राज्य में जो खेल नीति बनाई गई थी, उसने युवाओं को प्रोत्साहित किया था। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता नौरंग खटाना बेरका ने जोगिन्द्र शर्मा, योगेश्वर दत्त और संदीप सिंह का उदाहरण देते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने खिलाडिय़ों को डीएसपी, इंस्पेक्टर जैसे उच्च पदों पर नियुक्ति कर नौकरियों में खेल कोटा शुरू किया था और गांव-गांव में स्टेडियम बनवाए थे लेकिन भाजपा के राज में जहां खेल कोटा को बंद कर दिया गया है, वही केन्द्र सरकार की तरफ से भी खेलो इंडिया के तहत बजट में भी भारी कटौती की जा रही है। जिस राज्य के खिलाड़ी देश में सबसे ज्यादा मेडल जीतकर ला रहे है, उस राज्य के खिलाडिय़ों को केन्द्र सरकार के खेलो इंडिया बजट से मात्र 96 करोड़ रुपए मिल रहे है और जिस राज्य का एक भी खिलाड़ी एशियाई खेलों में मेडल जीतकर नही लाया यानि गुजरात राज्य को केन्द्र सरकार खेलो इंडिया की तरफ से 608 करोड़ रुपए का बजट दे रही है। यानि मेडल लाए हरियाणा के छोरे और धन वर्षा हो रही है गुजरात में। इसलिए सरकार इस भेदभाव को खत्म करते हुए हरियाणा का बजट बढ़ाए।

महिला पार्षदों के पति अब नगरपरिषद बैठक में प्रवेश नहीं : प्रदीप कुमार

सोहना। नगरपरिषद और पंचायतों की आयोजित होने वाली बैठकों में महिला पार्षद खुद अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर प्रतिनिधित्व करेगी। बैठक में महिलाओं के पति या रिश्तेदार दखल नही दे सकेंगे क्योकि अब नगरपरिषद अथवा ग्रामपंचायत व ब्लाकसमिति की आयोजित होने वाली बैठकों में सिर्फ महिला पार्षद ही शामिल होगी। उनके पति अथवा प्रतिनिधि बैठक में शामिल होना तो दूर बैठक स्थल के भीतर प्रवेश भी नही कर पाएंगे। जिसको लेकर जरूरी निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दे दिए गए है ताकि सरकारी योजनाओं को लेकर होने वाली बैठक, सेमिनार और विकास के मुददों पर खुद महिला पार्षद आवाज बुलंद कर सके। सर्कल एसडीएम प्रदीप कुमार मलिक की माने तो महिला जनप्रतिनिधि के किसी भी परिजन को बैठक, सेमिनार, संगोष्ठी समेत अन्य परियोजनाओं में बोलने का अधिकार नही होगा। सर्कल एसडीएम प्रदीप कुमार मलिक ने स्थानीय नगरपरिषद और खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को लिखित में आदेश जारी करते हुए सख्ती से पालन करने को कहा है। ऐसा ना होने पर संबंधित विभाग के अधिकारियों से जवाब तलबी की जाएगी।

श्रीराम लीला मंचन : नारद की तपस्या के साथ शुरू

रामलीला में पहले दिन हुआ नाटक श्रवण कुमार व नारद मोह का मंचन

शहर में विभिन्न स्थानों पर हुआ रामलीला मंचन

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। शिवनगरी सोहना शहर में शनिवार से श्रीराम की लीलाओं का मंचन प्रारंभ हो गया है। यहां पर शहर में बसअडडा रोड़ स्थित पंजाबी भवन सभागार प्रांगण में श्री सनातन धर्म रामलीला कमेटी के तत्वाधान में प्रदर्शित की जा रही श्रीराम की लीला मंचन के दौरान और स्थानीय खेलस्टेडियम मैदान में श्री शिव रामलीला कमेटी द्वारा प्रायोजित श्रीराम लीला मंचन नारद की तपस्या के साथ शुरू हो गया। इस मौके पर रामलीला की शुरूआत आरती से हुई। हिमालय पर्वत के पास एक बड़ी पवित्र गुफा पर नारद जी की नजर पडऩे और गुफा अत्यंत सुहावनी लगने पर वहां पर्वत, नदी और वन को देख नारद जी समाधि लगा भगवान विष्णु की भक्ति और तपस्या में लीन हो गए। लीला के दौरान दिखाया गया कि कैसे नारद ने पहाड़ों में भगवान की आराधना की और भगवान विष्णु ने नारद को दर्शन दिए। नारद मुनि की तपस्या से इंद्रपुरी का सिहांसन डोलते देख देवराज इंद्र भयभीत हो गए कि कही देवर्षि नारद अपने तप के बल से इंद्रपुरी को अपने अधिकार में ना ले ले। इसलिए उन्होने नारद की भक्ति को भंग करने के लिए कामदेव को उनके पास भेज दिया। कामदेव ने अपनी मायावी ताकत से बसंत ऋतु का सर्जन किया। जिसके बाद भगवान विष्णु द्वारा सुंदर नगर बसाने और नारद को वानर रूप देने वाला दृश्य दर्शाया गया। स्वयंवर में नारद के अपमान के बाद नारद का विष्णु को श्राप देना कि वो भी पृथ्वी लोक में जन्म लेकर स्त्री वियोग में जीवन यापन करे। साथ ही रामलीला मंचन के पहले दिन रावण और कुंभकर्ण के जन्म को प्रदर्शित किया गया। रामलीला कमेटी के सरंक्षक बाबू जती सिंगला, चौधरी बहाल सिंह खटाना व देविन्द्र अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि श्रीराम की लीलाओं के मंचन हेतु पहले दिन नाटक श्रवण कुमार व नारद मोह प्रदर्शित किया गया है। उन्होने बताया कि खेल स्टेडियम में भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र पर आधारित कंठस्थ ज्ञान के विख्यात रंगमंच कलाकारों द्वारा श्रीराम की लीलाओं का जीवंत प्रदर्शन किया जा रहा है। श्रीराम की लीलाओं को कामयाब बनाने व सुरक्षा की दृष्टि से श्री शिव रामलीला कमेटी से जुड़े राजकुमार सिंगला, विजय सिंगला, लक्ष्मणदास गर्ग, अशोक कुमार जैन, गौरव चुघ, देविन्द्र कुमार तायल, रामकिशन गर्ग, केशवदेव जिंदल, गोविंदराम गोयल, चंदप्रकाश गर्ग, हरीश कुमार गर्ग, अग्रवालसभा के पूर्व प्रधान सेठ विजय गोयल, मद्रासी सैनी, रामअवतार यादव, मुकेश कुमार सिंगला, विकास गुप्ता, अरूण कुमार गोयल, सुरेन्द्र गर्ग, मास्टर चंद्रप्रकाश छोकर, पारस बच्चस, विजय कुमार सैनी, प्रवीण कुमार, पवन मित्तल, रमेश चंद्र धवन, संजय गहलोत, मोहन सैनी, जयप्रकाश गर्ग, दिनेश गर्ग, दिनेश सिंगला आदि प्रमुख लोगों समेत रामलीला कमेटी से जुड़े तमाम सदस्य पूरा वक्त दे रहे है। रामलीला में आने वाले दर्शकों के बैठने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। पुलिस प्रशासन का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है।

अनाजमंडी में भी हुआ मंचन

अनाजमंडी स्थित हनुमान बगीची में शानदार रामलीला क्लब द्वारा संचालित रामलीलाओं में पहले दिन रामलीला का शुभारंभ नारद के तप से हुआ। नारायण-नारायण के उच्चारण के साथ नारद हिमालय पर्वत से निकल रहे थे। तभी उनकी नजर एक गुफा पर पड़ी। गुफा व पास में वनों तथा नदी को देखकर नारद जी वही तपस्या में लीन हो गए। नारद मुनि की तपस्या को देख देवराज इंद्र घबरा गए कि देवर्षि नारद अपने तप के बल से इंद्रपुरी को अपने अधिकार में ना ले ले। देवराज इंद्र ने नारद जी की तपस्या को भंग करने के लिए कामदेव को वहां भेजा। वहां पहुंच कर कामदेव ने अपनी मायावी शक्ति से नवयुवतियां बुलाई, जो अप्सराएं बनकर नाच-गाना करने लगी लेकिन नारद मुनि पर इसका कुछ प्रभाव नही पड़ा। तब कामदेव को लगा कि देवर्षि कही मुझे श्राप ना दे दे। वह नारद जी के चरणों में गिर पड़ा तो नारद जी ने क्रोध में आने की बजाय कामदेव को क्षमा कर वापिस लोक में जाने को कहा। कामदेव के जाने के बाद नारद मुनि को अहंकार हो गया कि हमने कामदेव को जीत लिया है। तब वह शिव के पास चले गए और अपने द्वारा कामदेव को जीतने का विवरण सुनाया। शिवजी ने नारद जी से कहा कि तुमने जो मुझे बताया, उसे विष्णु जी को मत बताना लेकिन नारद जी ने झीरसागर पहुंच कर शिवजी के मना करने के बावजूद विष्णु जी को सारी बात बताई। नारद जी विष्णु जी से मिलकर निकले तो उनका अंहकार और बढ़ गया। विष्णु भगवान ने अपनी मायावी शक्ति से नारद जी के रास्ते में एक सुंदर अति सुंदर महल रच दिया। उस नगर का राजा शीलनिधि बहुत ही वैभवशाली राजा था। राजा के विश्वमोहिनी नाम की ऐसी रूपवती कन्या थी, जिसके रूप को देखकर साक्षात लक्ष्मी भी मोहित हो जाए।

कोचिंग सेंटरों के पास फायर एनओसी नहीं

प्रशासन ने साधी चुप्पी

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। सोहना में गली-मोहल्लों और बाजारों में चल रहे कोचिंग सेंटरों के पास फायर एनओसी नही है। फिर भी संबंधित विभागों के अधिकारी ऐसे कोचिंग सेंटरों की पहचान कर उनके खिलाफ निर्धारित कानून के तहत ठोस कार्रवाई अमल में लाने की बजाय आपसदारी ज्यादा निभा रहे है। जिससे जाहिर है कि सूरत के कोचिंग सेंटर में आग लगने से कई विद्यार्थियों की हुई मौत के बाद भी सोहना प्रशासन ने सबक नही लिया है। सूत्रों की माने तो शहर में जगह-जगह कही गली-मोहल्लों और बाजारों में कोचिंग सेंटर चल रहे है तो गांव-देहातों में भी तंग गलियों और छोटे कमरों में इसी तर्ज पर स्कूल चलाए जा रहे है। छोटे से एक-एक कमरे में बिना कूलर, एसी के 40 से 50 बच्चों को बैठाना आम बात है लेकिन शिक्षा निदेशालय के स्थानीय अधिकारी भी देश के नौनिहाल कहलाने वाले विद्यार्थियों की जिंदगी से हो रहे खिलवाड़ को देखकर भी चुप्पी साध आपसदारी को निभाने में ज्यादा तरजीह दे रहे है। हालात ये है कि अधिकांश सरकारी व निजी स्कूलों के साथ-साथ बड़ी तादाद में कोचिंग सेंटर भी बगैर फायर एनओसी के चल रहे है और उनमें आगजनी से बचाव का कोई इंतजाम नही है। इतना ही नही सरकारी व निजी स्कूलों के साथ-साथ कोचिंग सेंटर चलाने वाले संचालकों ने फायर एनओसी के लिए ना तो कभी आवेदन किया और ना ही अपने संस्थानों में आग से बचाव के इंतजाम किए। देखने वाली बात ये है कि सूरत के कोचिंग सेंटर में हुए हादसे को संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त ने प्रशासन से जवाब मांगा था कि साइबर सिटी के कोचिंग सेंटर कितने सुरक्षित है लेकिन उपायुक्त के जवाब-तलबी के बावजूद सोहना शहर में अग्निशमन विभाग ने अभी तक भी सरकारी व निजी स्कूलों के साथ-साथ कोचिंग सेंटरों का सर्वे कार्य शुरू नही किया है ताकि पता चले कि सोहना शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में कितने सरकारी व कितने निजी स्कूल और कितने कोचिंग सेंटर तथा कितने शराब के अहाते, होटल, रेस्तरा, ढाबे आदि निर्धारित कानून को धता बताकर बिना सुरक्षा इंतजामों के बेरोकटोक धडल्ले से चल रहे है। ऐसे में जाहिर है कि यदि किसी कोचिंग संस्थान में भगवान ना करे आगजनी जैसी घटना होती है तो हालात बिगड़ सकते है। लोगों में यह चर्चाएं भी चल रही है कि कई कोचिंग संस्थानों के पास तो पंजीकरण तक नही है। ना ही अग्निशमन यंत्र लगे है, ना ही फायर अलार्म लगा है। ना ही सुरक्षा की दृष्टि से जरूरी इंतजाम किए गए है। वाशरूम भी साफ-सुधरे नही है। आपातकालीन स्थिति में चिकित्सा सुविधाएं और स्टॉफ तक की सुविधा नही है। जानकारी लेने पर दमकल विभाग के उपनिर्देशक गुलशन कालड़ा ने माना कि सोहना समेत मिलेनियमसिटी में चल रहे काफी कोचिंग सेंटरों में फायर सिस्टम ना होने से लोगों की जान से खिलवाड़ हो रहा है।

नवरात्रों का सामान खरीदने के लिए बाजार में उमड़ी भीड़

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। नवरात्रों को लेकर शिवनगरी सोहना शहर में बाजारों में जबरदस्त रौनक का माहौल है। माता की चुनरी, नारियल, माता का सिंगार, पूजा सामग्री आदि को लेकर दुकानों के साथ-साथ स्टालें सजनी शुरू हो गई है। नवरात्रों को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। मंदिरों में भी नवरात्रों को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। नवरात्रे रविवार, 15 अक्टूबर से शुरू होने वाले है। पंडित वेदप्रकाश शास्त्री, दिनेश शास्त्री, लोकेश भारद्वाज, अनिल शर्मा कोकी, रमेश शास्त्री, चमनपुरी गौस्वामी ने बताया कि नवरात्रों के 9 दिन मां के अलग-अलग स्वरूप की पूजा की जाती है। नवरात्रों के पहले दिन घट स्थापना की जाती है। इसके बाद 9 दिन मां के लिए उपवास रखा जाता है। 9वे दिन कन्या पूजन के बाद उस दिन का उपवास खोला जाता है। आषाढ़ और माघ मास के शुक्ल पक्ष में पडऩे वाले नवरात्रे गुप्त नवरात्रि कहलाते है लेकिन इस बार नवरात्रे 9 दिन के होंगे। 15 अक्टूबर से शुरू होने वाले नवरात्रे 23 अक्टूबर तक चलेंगे। उन्होने बताया कि नवरात्रों को लेकर मंदिरों में विशेष साज-सज्जा, सजावट की गई है। नवरात्रों को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। देखने वाली बात ये है कि इस बार नवरात्रों पर महंगाई की मार का असर साफ नजर आ रहा है। नवरात्रों के दौरान व्रत में प्रयोग होने वाली विभिन्न खाद्य वस्तुओं के साथ-साथ सब्जियों व फलों के दामों में भी बढ़ोतरी हो गई है।

सोहना में वायरल बुखार ने पैर पसारे घर-घर में लोगों ने पकड़ी चारपाई

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। सोहना क्षेत्र के विभिन्न गांवों और शहरी क्षेत्र के विभिन्न वार्डो, बस्तियों में डेंगू संभावित रोगियों के साथ-साथ जुकाम-खांसी और वायरल बुखार ने तेजी से अपने पैर पसारने शुरू कर दिये है और किसी भी परिवार में एक भी व्यक्ति के वायरल बुखार की चपेट में आने पर एक के बाद एक परिवार का प्रत्येक व्यक्ति इस बुखार की चपेट में आ चारपाई पकडऩे लगा है। सरकारी अस्पताल और निजी चिकित्सा केन्द्रों पर रोगियों की लंबी-लंबी लाइनें देखने को मिल रही है। इस बुखार में रोगी का मुंह इतना कड़वा हो जाता है कि रोगी का कुछ भी खाने-पीने का मन नहीं करता। इसी कारण मरीज में कमजोरी आने लगती है। कांग्रेस पार्टी के पीसीसी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट, सामाजिक संस्था उन्नति चेरिटेबल ट्रस्ट के सीईओ बलबीर गब्दा, कांग्रेस पार्टी में ओबीसी सैल के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित गुर्जर कोटा-बिस्सर, ग्रीवेसिंग कमेटी के पूर्व मैंबर सुधीर शर्मा, गांव जोहलाका के रहने वाले समाजसेवी चौधरी धर्मपाल जोहलाका, पूर्व जिलापार्षद जगन सिंह आदि ने स्वास्थ्य विभाग से क्षेत्र के गांवों और वार्डो में विशेष शिविर लगाकर गांव के भीतर फैल रहे वायरल को काबू किए जाने की मांग की है। नगरपार्षद निर्मला सैनी, नगरपार्षद वेदकला शर्मा, नगरपार्षद राखी बागड़ी, नगरपार्षद आशा देवी, राहुल पुत्र दीवान सिंह सैनी, राहुल पुत्र दयाराम सैनी, रवि कुमार सैनी, पूर्व नगरपार्षद ओमप्रकाश सैनी, पूर्व नगरपार्षद डाक्टर पलक वर्मा का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग को शहर के हर वार्ड के भीतर, हर मोहल्ले में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने चाहिए और बुखार अथवा अन्य बीमारी से पीड़ित रोगी को शिविर में ही जांच के साथ-साथ जरूरी दवाएं उपलब्ध करानी चाहिए।

अस्पताल में दवाओं के अभाव के चलते रोगी परेशान है। वहीं रोगियों को तरह-तरह के टैस्ट की सुविधा अस्पताल में ना मिलने से बाहर निजी लैबों में टैस्ट करवाकर लुटना पड़ रहा है। पूर्व पालिका प्रधान सुभाष सिंगला, नंबरदार मूलचंद लाखुवासिया, मोहम्मदपुर गांव के नंबरदार दलीप सिंह, पूर्व नगरपार्षद महेन्द्रप्रताप अरोड़ा, सोहना गांव के नंबरदार तेजपाल सैनी आदि जागरूक लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि सोहना के सरकारी अस्पताल में आने वाले रोगियों को एक्स-रे, ईसीजी समेत सभी तरह की टैस्ट सुविधाएं अस्पताल के भीतर ही उपलब्ध कराई जाए ताकि रोगियों को टैस्ट कराने के नाम पर इधर-उधर भागना अथवा बाजार में लुटना ना पड़े। इस संदर्भ में जानकारी लेने पर स्वास्थ्य विभाग के सरकारी अस्पताल में कार्यरत चिकित्सा अधिकारी डाक्टर इंद्रजीत सिंह ने माना कि अस्पताल में वायरल बुखार के रोगियों की तादाद में इजाफा हो रहा है।

मेघनाथ और उनकी दानव सेना ने ऋषि मुनियों की तपस्या भंग कर, देवताओं को बनाया बंदी

गणेश पूजन के बाद शनिवार को नारद मौह आदि का मंचन किया : राधे श्याम शर्मा

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। शहर में रामलीला का आगाज हो गया, प्रथम रोज नारद मोह, रावण जन्म के अलावा मेघनाद व उसकी दानव सेना द्वारा ऋषि-मुनियों की तपस्या भंग करने, देवताओं को बंदी बनाने की लीला मंचन किया गया। नूंह के गोरवाली चौक पर आदर्श रामलीला क्लब के सौजन्य से बीती रात हुए मंचन में भीड़ जुटनी शुरू हो गई है। रामलीला प्रबंधन से जुड़े राधे श्याम शर्मा ने बताया कि उनके क्लब द्वारा रामलीलाओं का मंचन शुरू हो गया हैं और बीती रात गणेश पूजन किया गया तथा शनिवार को नारद मौह आदि का मंचन किया। आपको बता दें कि शनिवार को गणेश पूजन के बाद पिनगवां और नूंह उजीना में रामलीला के मंचन शुरू हो गए है। आपको बता दें कि मेवात जिले में रामलीला में अच्छी खासी भीड़ देखने को मिलती है यहां की रामलीलाओं में जहां वृंदावन और मथुरा के कलाकारों की धूम देखने को मिलती है वही मेवात के कलाकार भी उनके साथ अपनी बेहतर कल को दिखलाते हुए दर्शकों का मन मोह लेते हैं। इतना ही नहीं यहां की रामलीलाओं में हिंदू मुस्लिम एकता मिसाल भी देखने को मिलती है पिनगवां की रामलीलाओं में जहां हिंदू दर्शकों की काफी भीड़ होती है, वही मुस्लिम समाज के लोग भी रामलीला देखने के लिए बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। जिले में नवरात्रि पर्व को लेकर भी तैयारियां पूर्ण की गई हैं और रविवार को कलश स्थापना के बाद नवरात्रि पर्व का आगाज हो जायेगा।

बाल महोत्सव प्रतियोगिताओं का हुआ समापन

बाल कल्याण परिषद नूंह बच्चों की प्रतिभाओं के लिए बेहतरीन मंच प्रदान कर रहा है :राजपाल

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। जिला नूंह में बाल महोत्सव 2023 के समापन दिवस पर सरदार गुरमुख सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल नूंह में सभी चारों समूहों में एकल गीत, चतुर्थ समूह में एकांकी नाटक व रंगोली और प्रथम व द्वितीय समूह में हस्तलेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा पर्यटन विभाग के सहायक जनरल मैनेजर राजपाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक फरीदाबाद की प्रबंधक सरिता विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एजीएम राजपाल ने कहा कि मेवात क्षेत्र के बच्चों में सांस्कृतिक प्रतिभा ही नहीं बल्कि कला एवं लेखन प्रतिभा भी कूट-कूट कर भरी हुई है। विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई रंगोलियों को देखकर वे अत्यंत प्रभावित हुए और उन्होंने खुले मन से विद्यार्थियों की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी जीएस मलिक ने की । कार्यक्रम में पधारने पर उनका स्वागत जिला बाल कल्याण अधिकारी नूँह कमलेश शास्त्री द्वारा किया गया। इतिहास प्राध्यापक अशरफ मेवाती ने मुख्य अतिथि राजपाल का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। एकांकी नाटक में प्रथम स्थान राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूँह-2 ने प्राप्त किया वहीं द्वितीय स्थान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैराका ने हासिल किया। समूह चार में एकल सॉन्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुन्हाना के विद्यार्थी ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी दर्शकों का मन मोह लिया और उन्होंने प्रथम स्थान हासिल किया । द्वितीय स्थान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैराका की छात्रा को मिला । अन्य प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम,द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरस्कार हासिल किए। हर वर्ष की भांति इस साल भी बाल महोत्सव 2023 का समापन भी बड़े शानदार ढ़ंग से हुआ है

समूह एक और दो के विद्यार्थियों ने अंग्रेजी हस्तलेखन एवं हिंदी हस्तलेखन में अपनी अनूठी प्रतिभा का प्रदर्शन किया । इस अवसर पर अब्दुल नाफे प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुन्हाना,जयप्रकाश शर्मा प्रधानाचार्य राजकीरेष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैराका आदि मौजूद रहे।

महिला दिवस | अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदान किए जाएंगे पुरस्कार

राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित: डीसी

महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में करें आवेदन

महिला एवं बाल विकास कार्यालय में 20 नवंबर तक जमा करवा सकते है आवेदन

पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को प्रदान किए जाएंगे

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार 2023-24 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां प्राप्त करने वाली इच्छुक महिलाएं लघु सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित महिला एवं बाल विकास कार्यालय में 20 नवंबर तक आवेदन जमा करवा सकती हैं। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को प्रदान किए जाते हैं। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार के लिए 1 लाख 50 हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार के लिए 1 लाख रुपए व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। इसी तरह बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार के लिए 1 लाख रुपए व प्रशस्ति पत्र मिलेगा। लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड के लिए 51 हजार व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को विभिन्न आठ श्रेणियां में 21-21 हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। पहली श्रेणी में एएनएम, एमपीडब्ल्यू तथा नर्स शामिल है। दूसरी श्रेणी में महिला खिलाड़ी, तीसरी श्रेणी में साक्षर महिला समूह सदस्य, चौथी श्रेणी में राजकीय कर्मचारी, पांचवीं श्रेणी में सामाजिक कार्यकर्ता, छठी श्रेणी में महिला उद्यमी, सातवीं श्रेणी में स्त्री शक्ति पुरस्कार तथा आठवीं श्रेणी में आंगनबाड़ी कर्मी शामिल हैं। इन श्रेणियां में 21-21 हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि आवेदन के लिए अभ्यर्थी अपना संपूर्ण बायोडाटा साथ लेकर आएं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अन्य किसी जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस को महिला एवं बाल विकास कार्यालय में आकर कर जानकारी ले सकते हैं। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को मान्यता देना ताकि वे भारतीय महिलाओं की भावी पीढ़ी के लिए आदर्श बनें। यह भारतीय समाज और उनके संबंधित क्षेत्रों में महिलाओं की बहुमुखी भूमिका को स्वीकार करने और प्रोत्साहित करने के लिए समाज की मानसिकता को बदलने में भी काफी मदद करेगा। आवेदन से संबंधित जानकारी डब्ल्यूसीडीएचआरवाईडॉटजीओवी डॉट इन वेबसाइट पर देख सकते हैं।

नगर परिषद और नगर पालिकाओं के प्रॉपर्टी टैक्स से आमजन परेशान

मनमाने तरीके से हजारों रुपये के टैक्स लगाने का आरोप लगाया

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह।जिल की नूंह नगर परिषद सहित जिले की नगर पालिकाओं में आ रहे हजारों रुपये के प्रॉपर्टी टैक्स से आमजन परेशान है। शहर के लोगों ने बताया कि सरकार की पोर्टल व जनहितैषी नीतियों से प्रदेश का हर वर्ग हताश व निराश होकर प्रदेश की मनोहर सरकार को जमकर कोसने का काम कर रहा है।

जिले के सियासी जानकारों की माने तो शहरी मतदाताओं को भाजपा समर्थक मानने की बात जग जाहिर हैं, लेकिन मनोहर सरकार में सबसे अधिक मार व्यापारी, शहरी मतदाताओं को ही लग रही है। ग्रामीण भी इस बात से अछूता नही हैं। प्रोपर्टी आईडी, टैक्स व शहरियों के लिए बनाई जा रही नीतियों से वह अच्छे खासे नाराज हैं। पार्षद सद्दाम हुसैन, हारून, रफीक, लोकेश, विष्णु, संजय आदि ने बताया कि पहले प्रोपर्टी टैक्स मात्र 200 से 500 रुपये तक आता था लेकिन अब 100 वर्ग गज से कम प्लाट का 17000 तक टैक्स आने से गरीबों के समक्ष नई मुसीबत आ गई है। जबकि विभागीय अधिकारी-कर्मचारी इसका कारण बताने की बजाए ऑनलाइन नीति को दोष देकर कार्यालयों से टरका रहे हैं। पार्षद सद्दाम हुसैन आरोप लगाया कि विभाग की नीति व नीयत में खोट हैं जबकि भाजपा सरकार के समय में यह सबसे बड़ा घोटाला साबित होने वाला हैं।

नगर परिषद के अध्यक्ष संजय मनोचा से बात की तो उन्होंने बताया कि प्रॉपर्टी टैक्स अधिक होने की बात उनके समक्ष भी आई हैं और कार्यालय को इस संबंध में कहा गया है।

खबर फटाफट

अहीर कॉलेज को चार विकेट से पराजित कर मेजबान केएलपी कॉलेज ने जीती ट्राफी

रेवाड़ी। स्थानीय किशनलाल पब्लिक कॉलेज में आयोजित अन्तर महाविद्यालयी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मेजबान केएलपी कॉलेज ने अहीर कॉलेज को चार विकेट से पराजित कर ट्राफी अपने नाम कर ली। प्रतियोगिता में सर्वाधिक नौ विकेट लेने वाले केएलपी कॉलेज के मोनू को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि विशेष स्थाई आमंत्रित केएलपी कॉलेज कार्यकारिणी सदस्य रिपुदमन गुप्ता उपस्थित रहे। महाविद्यालय कार्यकारिणी के अध्यक्ष अमित गुप्ता, उपाध्यक्ष संदीप खंडेलवाल, महासचिव कपिल गोयल और कोषाध्यक्ष हेमंत अग्रवाल तथा प्राचार्य डा. कविता गुप्ता ने मुख्य अतिथि का सम्मान किया। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डा. रामबीर जाखड़ ने बताया कि मेजबान केएलपी कॉलेज और अहीर कॉलेज के बीच हुए फाइनल मुकाबले में अहीर कॉलेज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 140 रन बनाए। टीम के कप्तान चर्चिल गुप्ता ने 72 रन शानदार पारी खेली। जवाब में केएलपी कॉलेज ने 19 ओवर 3 बॉल में छह विकेट के नुकसान पर 141 रन बनाकर ट्राफी अपने नाम कर ली। कप्तान नैतिक ने जीत में 25 रनों का योगदान दिया। इस मैच में 4 विकेट तता पूरी श्रृंखला में 9 विकेट लेने वाले मोनू को मैन ऑफ दी मैच व मैन ऑफ दी सीरिज का पुरस्कार दिया गया। केएलपी कॉलेज प्रबंधकारिणी के उपाध्यक्ष संदीप खंडेलवाल ने मैच के सोशल मीडिया पर प्रसारण के लिए उद्योगपति एमपी गोयल का आभार जताया। मुख्य अतिथि रिपुदमन गुप्ता ने खिलार्डिों की सराहना करते हुए अपनी ओर से नकद धनराशि पुरस्कार स्वरुप भेंट की।शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डा. पंकज फोगाट ने बताया कि टूर्नामेंट के दौरान जितेंद्र ने स्कोरर की भूमिका निभाई तो विकास भारद्वाज और डा. सज्जन कौशिक सिंह ने अंपायरिंग का कार्यभार संभाला। जतिन और सुधांशु ने मैच का आंखों देखा हाल सुनाया।इस मौके पर डीडीपीओ एचपी बंसल, जगमोहन गुप्ता, अजय यादव, डा. अदिति शर्मा, देवेंद्र ढाका, डा. नवीन पिपलानी, नितिन, डा. नरेश कुमार, ऋषि सिंघल, मुकेश कुमार, प्रवीण अग्रवाल, डीके जैन, रतन अग्रवाल, रमेश मित्तल, चंद्रप्रकाश, सूर्यकांत सैनी, जितेंद्र रूस्तगी, यशपाल गुप्ता एडवोकेट, संजय अग्रवाल, महेश कौशिक, मनोज गोयल गुड्यानी समेत काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

आपरेशन मुस्कान के तहत भटक रहे बच्चे को सकुशल परिजनों के किया हवाले

रेवाड़ी। थाना कसौला पुलिस ने बनीपुर चौक पर भटक रहे एक 7 साल के बच्चे को आपरेशन मुस्कान के तहत उनके परिजनों से संपर्क कर सकुशल उनके हवाले किया। बच्चे के सकुशल मिलने पर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया। थाना कसौला से एएसआई प्रदीप कुमार ने बताया कि 13 अक्तूबर को को रेवाड़ी के सेक्टर-4 माडल टाऊन थाने के नजदीक झुग्गी झोपडी निवासी एक 7 साल का नाबालिग बच्चा अपने घर से बिना बताए भटकते हुए बनीपुर चौक पर पहुंच गया था। अनजान जगह पर आने के बाद बच्चा डर गया और रोने लगा। पुलिस ने बच्चे से उनके परिजनों बारे में जानकारी हासिल की। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने बच्चे के परिजनों से संपर्क कर बच्चे को सकुशल परिजनों के हवाले किया गया।

राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

रेवाड़ी। केंद्रीय पशुपालन और डेयरी मंत्रालय द्वारा प्रदान किए जाने वाले राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार के लिए आज ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि है। इच्छुक पशुपालक रविवार 15 अक्टूबर तक राष्ट्रीय अवार्ड पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

डीसी राहुल हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत, दूध उत्पादक किसानों, डेयरी सहकारी समितियों/एफपीओ और कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियनों (एआईटी) को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस विभाग ने 2023 के दौरान तीन श्रेणियों में राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार प्रदान करने का क्रम जारी रखते हुए पंजीकृत स्वदेशी मवेशी, मुर्रा भैंस नस्लों को पालने वाले सर्वश्रेष्ठ डेयरी किसान, सर्वश्रेष्ठ डेयरी सहकारी समिति (डीसीएस)/दूध उत्पादक कंपनी (एमपीसी)/डेयरी किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) व सर्वश्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन (एआईटी) को इसमें शामिल किया है।

मोबाइल के बढ़ते चलन से जादू की लोकप्रियता में आई कमी, सरकार से भी नहीं मिल रहा प्रोत्साहन

रेवाड़ी। विश्व विख्यात जादूगर शिव कुमार का कहना है कि जादू कोई तंत्र एवं शक्ति नहीं अपितु एक कला तथा नजरों का खेल हैं। देश-विदेश में हजारों शो कर लोगों का मनोरंजन करने के साथ-साथ सामाजिक कुरीतियों पर कटाक्ष कर आमजन को जगाने का कार्य करने के बावजूद भी इस अनोखी कला के प्रति लोगों का रुझान कम हो रहा है। मोबाइल के चलन की बढ़ती लोकप्रियता तथा बच्चों व युवाओं में इसके प्रचलन ने भी जादू की ख्याति को कम करने का कार्य किया है। सरकार की ओर से भी प्रोत्साहन नहीं मिलने से जादूगरों में निराशा है।

जादूगर शिव कुमार शनिवार को नारनौल चौक स्थित पीडब्ल्युडी रेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अनेकों हैरतअंगेज कारनामें भी करके दिखाए। उन्होंने बताया कि वे रेवाड़ी शहर में तीसरी बार अपना शो लेकर पहुंचे हैं। इस बार नए-नए करतबों के चलते जादू शो को काफी वाहवाही मिल रही है। उन्होंने बताया कि 15 अक्तूबर रविवार को ओपनिंग शो रात्रि सात बजे होगा। उसके उपरांत प्रतिदिन दो तथा रविवार को तीन शो प्रस्तुत किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि कोविड के दो सालों के दौरान सबकुछ बंद होने के कारण जादू शो भी नहीं चल पाए। इस आपदा को उन्होंने अवसर के रूप में देखा तथा अनेकों नए करतबों को इजाद किया। अब जनवीजन सामान्य होने के कारण जादू के शो निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि कागज पर लिखकर दूसरों के मन की बात को जानना कोई जादू या तंत्र विद्या नहीं है। यह केवल एक कला है।

परिवार पहचान पत्र हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक : खोला

शहर के बजाजा बाजार में आयोजित कार्यक्रम में लोगों की शिकायतें सुन दी गई जानकारियां

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। पीपीपी के प्रदेश कोर्डिनेटर डा. सतीश खोला ने कहा कि परिवार पहचान पत्र हरियाणा सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है। इसके तहत प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधा लाभार्थियों को मिल रहा है। लेकिन यह बात विपक्षी नेताओं को हजम नहीं हो रही है और इसलिए परिवार पहचान पत्र को लेकर उल जलूल बातें कर रहे हैं। वास्तविकता यह है कि इन लोगों की कमीशन का धंधा सरकार ने बंद कर दिया है इसलिए अब विपक्षी नेता इस पर सवाल उठा रहे हैं। पीपीपी कोऑर्डिनेटर डा. खोला बजाजा बाजार के प्रधान दीपेश भार्गव द्वारा शहर के बजाजा बाजार में आयोजित कार्यक्रम में लोगों की शिकायतें सुनने के दौरान कही। कार्यक्रम में 150 शहरवासियों ने भाग लिया। सभी को पीपीपी तथा दर्जनों पोर्टलों की जानकारी भी दी। खोला ने कहा कि परिवार पहचान पत्र से प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक सभी कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित हुई है। प्रदेश में परिवार पहचान पत्र के माध्यम से विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं को जोड़ा गया है।

पूर्व की सरकारों में लोगों को लगाने पड़ते थे ऑफिसों के चक्कर

डा. खोला ने कहा पूर्व की सरकारों में लोगों को अपने कामों के लिए नेताओं और कर्मचारियों के घर और ऑफिस के चक्कर काटने पड़ते थे। लेकिन मनोहर लाल सरकार ने तमाम योजनाओं के माध्यम से लोगों को घर बैठे लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। प्रदेश के सभी परिवार को उनका हक दिलाने के लिए मनोहर लाल ने परिवार पहचान पत्र जैसी महत्वाकांक्षी योजना शुरु की। जिसकी ना केवल केंद्र सरकार ने सराहना की बल्कि कई अन्य राज्य भी इसका अध्ययन कर रहे हैं।

जिसके फलस्वरूप कार्यों में पारदर्शिता के साथ . साथ तीव्रता आई है और योग्य लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में विवेक यादव, कुलदीप लांबा, राहुल यादव, ललित सतीजा, दिनेश रुस्तगी, रजनीश, मनोज कुमार, गौरव, योगेश चावला, नरेन्द्र सतीजा समेत शहर के अनेकों व्यापारी मौजूद रहे।

खुलेआम शराब पीने वालों पर पुलिस का एक्शन

शराब पीने वाले कई लोगों को हिरासत में लिया

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। बीती देर रात्रि शहर के पॉश इलाके मॉडल टाउन की कंप्यूटर मार्केट में खुलेआम शराब पीने वाले लोगों पर पुलिस ने शिकंजा कस दिया। पुलिस की कई गाडि ां रात्रि को मौके पर पहुंची तथा मौके पर शराब पीने वाले अनेक लोगों को हिरासत में ले लिया। गौरतलब है कि गत दिवस कंप्यूटर मार्केट के दुकानदारों ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर शराब पीने वालों के खिलाफ सख्ती बरतने के साथ-साथ आंदोलन की भी चेतावनी दी थी।

गौरतलब है कि शुक्रवार को कंप्यूटर मार्केट के दुकानदारों ने पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन को ज्ञापन सौंपकर मार्केट में शाम ढलते ही शराबियों का जमावड़ा लगने की शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि मार्केट में खुली चाप व चिकन की दुकानों के कारण बाहर से आकर लोग यहां खुलेआम शराब का सेवन करते हैं। इतना ही नहीं लोग गाडि ों बैठकर भी शराब पीते हैं। शराब पीने के बाद लोग वहीं शौच करते है तथा गंदगी भी फैलाते हैं। जिसके चलते दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

इसी के चलते शुक्रवार देर रात्रि मॉडल टाउन थाना पुलिस ने कंप्यूटर मार्केट में छापेमारी की। थाना प्रभारी के नेतृत्व में काफी संख्या में पुलिसकर्मी वहां पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने जिस किसी को भी वहां शराब पीते देखा, उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मार्केट में चिकन व चाप की दुकान चलाने वाले दुकानदारों को भी चेतावनी दी कि यदि अगर यहां कोई शराब पीता हुआ पाया गया तो उनके खिलाफ भी कार्रवाही की जाएगी। पुलिस की ओर से खुलेआम शराब पीने वालों पर कार्रवाही के चलते अवैध रूप से अपने यहां शराब पिलाने वालों में हडे ंप की स्थिति बनी रही।

न्यायिक परिसर में बड़ी स्क्रीन लगाकर अधिवक्ताओं ने देखा भारत-पाकिस्तान का मैच

भारत की जीत के साथ-साथ कप्तान रोहित शर्मा की आतिशी पारी का जमकर उठाया लुत्फ

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत शनिवार को खेले गए भारत और पाकिस्तान के मैच का जिला बार एसोसिएशन की ओर से न्यायिक परिसर में बड़ी स्क्रीन पर लाइव दिखाया गया। इस दौरान बार अधिवक्ताओं व खेलप्रेमियों ने भारत की जीत तथा पाकिस्तान की हार के साथ-साथ भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की बेहतरीन पारी का जमकर लुत्फ उठाया। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान सौरव राव व उपप्रधान एडवोकेट धर्मेंद्र सैनी के अनुसार जिला बार एसोसिएशन ने भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले ऐतिहासिस क्रिकेट मैच को न्यायिक परिसर में बड़ी स्क्रीन पर दिखाने का निर्णय लिया। इसी के चलते शनिवार को चैंबर ब्लॉक संख्या एक प्रांगण में बड़ी स्क्रीन लगाई गई तथा अधिक्ताओं व खेलप्रेमियों के बैठने के लिए कुर्सियों की भी व्यवस्था की गई। उन्होंने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले क्रिकेट मैच हमेशा से ही क्रिकेट प्रेमियों के लिए विशेष होते हैं। विश्व कप का रिकार्ड रहा है कि भारत आज तक पाकिस्तान से कोई मैच नहीं हारा है और शनिवार को भी ऐसा ही होगा। देर रात्रि तक चले मैच के साथ-सात भारत की जीत व कप्तान रोहित शर्मा की आतिशी पारी का अधिवक्ताओं ने जमकर लुत्फ उठाया। भारत की जीत के बाद अधिक्ताओं ने जमकर खुशियां भी मनाई।

बावल के 15 गांवों में विकास कार्यों के लिए 176 लाख मंजूर : डा. बनवारी लाल

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। हरियाणा के जनस्वास्थ्य एवं सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि विधायक आदर्श नगर एवं ग्राम योजना के तहत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बावल विधानसभा क्षेत्र के 15 गांवो में विकास कार्यो के करवाने की मंजूरी प्रदान गई है। इन पर 176 लाख रुपए की राशि व्यय की जाएगी। डा. बनवारी लाल ने बावल विधानसभा क्षेत्र में विधायक आदर्श नगर एवं ग्राम योजना के तहत विभिन्न विकास कार्यों के लिए ग्रांट मंजूर करने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया है। सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार की कार्यशैली एक समान विकास की रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार व प्रदेश की मनोहर सरकार ने समाज के सभी वर्गों व देश-प्रदेश के सभी क्षेत्रों का विकास समान रूप से किया है व विकास प्रक्रिया में किसी भी तरह का भेदभाव नहीं किया। उन्होंने बताया कि बावल हलके के खण्ड बावल के 8 गांवों, खण्ड रेवाड़ी के 3 गांवों व खण्ड खोल व धारूहेड़ा 2-2 गांवों में विकास कार्य करवाए जाएगें। सहकारिता मंत्री ने बताया कि रामपुरा में 38.3 लाख रुपए की लागत से रास्ते का निर्माण, भाड़ावास में 30 लाख रुपए की लागत से इंटरलाकिंग गली का निर्माण, राजगढ़ में 20 लाख रुपए की लागत से रास्तों का निर्माण, गांव खंड़ौड़ा में 13.7 लाख रुपए की लागत से रास्ते का निर्माण, गांव झाबुआ में 10 लाख रुपए की लागत से आरसीसी पाइप लाइन डलवाने सहित कसौली में 10 लाख रुपए की लागत से रास्ते का निर्माण सहित गांव अकबरपुर, हरजीपुर, ढाणी राधा, पीथड़ावास, टीकला, गुर्जरमाजरी, खुर्मपुर, मोहम्मदपुर व दुल्हेड़ा खुर्द में विभिन्न विकास कार्य करवाए जाएंगे।

नवरात्रों में दो हजार परिवारों के शस्त्र पूजन का रखा लक्ष्य

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी।अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक सर्कुलर रोड़ स्थित निजी संस्थान कार्यालय में आयोजित की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत शर्मा और पंजाब व हरियाणा के प्रान्त के संगठन मंत्री रामानंद शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद् के जिला अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने की।

अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद् के विभाग उपाध्यक्ष श्रीभगवान और राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग अध्यक्ष शिव कुमार शर्मा विशेष अथिति के रूप में बैठक में शामिल हुए। बैठक का संचालन अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद् के जिलामंत्री पवन कुमार ने किया। बैठक में राष्ट्रीय बजरंग दल की सदयस्ता अभियान का शुभारम्भ किया गया और नवरात्रो में 2000 परिवारों के शस्त्र पूजन का लक्ष्य रखा गया। 19 नवंबर को रेवाड़ी जिले में दो कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया।

अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत शर्मा ने कहा कि हम हिन्दुओं को एकजुट होकर धर्म के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां एक तरफ हिंदू जातिवाद के कारण बंटा हुआ है, वहीं दूसरी तरफ हम पूरा समय पैसे कमाने और और परिवार के लिए ही समर्पित है। उनकी हिन्दू धर्म के प्रति आस्था तो है पर हिन्दू धर्म के लिए कार्य करने इच्छा नहीं। जिस कारण हम धर्म से तो अपेक्षा रखते है पर धर्म के लिए कार्य नहीं करते और ना ही एकजुट रहते है। जबकि अन्य धर्मों में धर्म के प्रीति कार्य करने को प्राथमिकता दी जाती है। अगर इसी तरह चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब भारत मुस्लिम राष्ट्र बनेगा और भारत का हिन्दू राष्ट्र बनाने का सपना एक सपना बनकर ही रह जायेगा और विश्व गुरु की तो बात सोचना भी मूर्खता होगी। दो प्रान्त के संगठन रामानंद ने संगठन विस्तार पर जोर दिया।

बैठक में कुमारी शीतल, राखी राजपूत, प्रेम, हेमंत वर्मा, राजेश भारद्वाज, अमित गौड, पुनीत सैनी, विक्की, मनोज विश्कर्मा, राजेश भामनिया, सुनील मैजूद रहे।

अवैध हथियार सहित तीन गिरफ्तार

आरोपियों से 1 अवैध देशी पिस्टल, 1 अवैध देशी कट्टा व 1 अवैध बटनदार चाकू बरामद

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। जिला पुलिस ने अवैध हथियार रखने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाई करते हुए अलग-अलग मामलो में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से एक अवैध देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा तथा एक बटनदार चाकू बरामद किया है। कोसली थाना पुलिस ने अवैध देशी कट्टा के साथ जिला महेंद्रगढ़ के गांव भडफ निवासी जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र राजेन्द्र शर्मा को गिरफ्तार किया है। जांचकर्ता ने बताया 13 अक्तूबर को थाना कोसली पुलिस को सुचना मिली की जितेन्द्र उर्फ जीत्तू पुत्र राजेन्द्र शर्मा निवासी भडफ महेन्द्रगढ, अवैध हथियार रखता है। जो आज कोसली बाई पास के नजदीक धनिया टी. प्वाईंट पर खडा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर आरोपी को काबू कर लिया गया। जिसकी पहचान जितेन्द्र उर्फ जीत्तू के रूप में हुई। उसकी तलाशी ली गई तो एक अवैध देशी पिस्टल बरामद बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

उधर, अपराध शाखा-3 इंचार्ज उप निरीक्षक विनोद कुमार की टीम ने देशी कट्टा के साथ महेंद्रगढ़ के गांव गुवाणी निवासी रोहित पुत्र अनिल कुमार को गिरफ्तार किया है। जांचकर्ता ने बताया की 13 अक्तूबर को अपराध शाखा-3 पुलिस को गस्त के दौरान सुचना मिली की रोहित पुत्र अनिल कुमार निवासी गाँव गुवाणी जिला महेन्द्रगढ का रहने वाला है जो अपने साथ अवैध हथियार लेकर घुम रहा है। जो अभी नारनौल फाटक रेवाडी के पास अवैध देशी कट्टा लेकर घुम रहा है।

सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया। जिसकी पहचान रोहित पुत्र अनिल कुमार के रूप में हुई। उसकी तलाशी ली गई तो एक अवैध देशी कट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना रामपुरा में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया हैदूसरी ओर अपराध शाखा-1 रेवाड़ी इंचार्ज निरीक्षक सुमेर सिंह की टीम ने अवैध बटनदार चाकू के साथ गांव बैरियावास निवासी दीपक पुत्र सूबे सिंह को गिरफ्तार किया है।

अभियान एडीसी ने फसल अवशेष प्रबंधन जागरूकता वाहन को दिखाई हरी झंडी

फसल अवशेष जलाना कानूनी अपराध : पाटिल

जिला प्रशासन द्वारा किसानों व ग्रामीणों को जागरूकता वाहन के माध्यम से दिया जा रहा पराली न जलाने का संदेश

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। जिला प्रशासन व कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से डीसी राहुल हुड्डा के मार्गदर्शन में किसानों व ग्रामीणों को फसल अवशेष प्रबंधन बारे जागरूकता वाहन के माध्यम से जागरूक करते हुए फसल अवशेष न जलाने का संदेश दिया जा रहा है।

एडीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने शनिवार को जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर गांवों की ओर रवाना किया। प्रथम चरण में जागरूकता वाहन के माध्यम से खंड जाटूसाना और रेवाड़ी के गांवों के किसानों और ग्रामीणों को फसल अवशेषों को जलाने की बजाए उनका उचित प्रबंधन करने का संदेश दिया जाएगा।

एडीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने फसल अवशेष प्रबंधन जागरूकता वाहन को रवाना करते हुए किसानों को समझाया और प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि फसल अवशेष जमीन के लिए विशेष होते हैं। जब ये मिट्टी में मिलते हैं तो फसलों की पैदावार बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष जलाना कानूनी अपराध है। इससे एक ओर पर्यावरण प्रदूषित होता है साथ ही स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे फसल अवशेषों को जलाने की बजाए इसका उचित प्रबंधन सुनिश्चित करें और जागरूक किसान होने का परिचय दें।

उन्होंने कहा कि यदि कोई किसान सरकार व प्रशासन की ओर से जारी निर्देशों की अवहेलना करते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

किसान पराली से उठा सकते हैं अच्छा मुनाफा : एडीसी

एडीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पराली को किसानों की कमाई का जरिया बनाने के लिए प्रयासरत है। पर्यावरण प्रदूषण का एक प्रमुख कारण मानी जाने वाली पराली प्रबंधन की दिशा में सराहनीय कदम उठाते हुए प्रदेशभर में पराली एक्स-सीटू प्रबंधन नीति हरियाणा 2023 को मंजूरी प्रदान की है। नई नीति के तहत किसान फसल अवशेषों को जलाने की बजाए उसका सकारात्मक तरीके से इस्तेमाल कर सकता है और फसल अवशेषों को अपनी आय का साधन बनाकर अच्छा मुनाफा उठा सकते हैं। किसान धान के भूसे को काटने, एकत्र करने, बेलने, भंडारण करने और भूसे-आधारित उद्योगों व प्लांटों तक उसे पहुंचाने वाले कृषि उपकरणों और मशीनरी पर सब्सिडी लेने के पात्र होंगे।

प्रथम चरण में खंड जाटूसाना और रेवाड़ी के गांव किया जा रहे हैं कवर : डा. गजराज

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. गजराज सिंह नैन ने कहा कि प्रथम चरण में जागरूकता वाहन के माध्यम से खंड जाटूसाना व रेवाड़ी के 50 गांवों को कवर किया जा रहा है। विभाग द्वारा आने वाले समय में अन्य खंडों को भी कवर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शनिवार को जागरूकता वाहन के माध्यम से जाटूसाना खंड के गांव आसियाकी गौरावास, बसौता, चांदनवास, चांग में किसानों व ग्रामीणों को फसल अवशेष प्रबंधन की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि रविवार 15 अक्टूबर को जागरूकता वाहन द्वारा चौकी नंबर-1, चिल्हड़, झाड़वास, जीवड़ा में किसानों व ग्रामीणों को जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। प्रथम चरण के तहत 26 अक्टूबर तक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर उपमंडल कृषि अधिकारी डा. दीपक यादव, तकनीकी सहायक डा. अनिल कुमार, डा. अजीत सिंह खंड कृषि अधिकारी, सुनील कुमार कृषि विकास अधिकारी मौजूद रहे।

धोखाधड़ी के आरोपी नगर पार्षद को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस बैरंग लौटी

रेवाड़ी। शनिवार को शहर के वार्ड संख्या-11 के पार्षद दलीप माटा को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस उनके घर पर पहुंची। करीब डेढ घंटा तक घर में जांच करने के बाद पुलिस बैरंग वापस लौट गई। गौरतलब है कि करीब 11 माह पूर्व पार्षद दलीप माटा के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ था। जिसके बाद से वह पुलिस के चंगुल से बाहर चल रहे हैं।गौरतलब है कि शहर की टीपी स्कीम निवासी राकेश कुमार ने नवंबर 2022 में शहर थाना पुलिस मे नौ लोगों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। इसेमं वार्ड संख्या-11 के पार्षद दलीप माटा भी नामजद है। मामला दर्ज होने के बाद पार्षद ने न्यायालय में अग्रिम जमानत की याचिका भी लगाई, लेकिन कोर्ट ने उसे रिजेक्ट कर दिया। मामला दर्ज होने के बाद से ही पार्षद पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहे हैं। उन पर एक दुकान से जुड़े दस्तावेजों को आइडेंटिफाई करने के अलावा आरोपियों पक्ष के हलफनामा देने का आरोप है। शिकायतकर्ता राकेश कुमार के अनुसार नई सब्जी मंडी की एक दुकान उनके पिता किशनलाल के नाम पर थी। उनके पिता की मौत के बाद राकेश तथा उनकी बहनों के फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर योजना के तहत उनकी दुकान को कुछ लोगों ने हडे लिया। जिसकी शिकायत राकेश कुमार ने शहर थाना पुलिस में कराई थी। धोखाधड़ी के आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए शनिवार को शहर थाना पुलिस की टीम नगर पार्षद दलीप माटा के घर पहुंची। पुलस को सूचना मिली थी कि पार्षद अपने घर पर ही है। लेकिन डेढ घंटे की जांच व पूछताछ के बाद पुलिस बैरंग लौट गई। इस संबंध में पुलिस ने किसी भी प्रकार की जानकारी देने से इंकार कर दिया।

खबर फटाफट

एचसीएस में चिन्मय गर्ग ने पांचवां स्थान प्राप्त क्षेत्र के नाम रोशन किया

नारनौल। हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा जारी एचसीएस एवं अन्य आलाइड सर्विसज के लिए चयनित अभ्यर्थियों की सूचि में हरियाणा पब्लिक स्कूल नारनौल के पूर्व छात्र चिन्मय गर्ग पुत्र विनय गर्ग ने पांचवां स्थान प्राप्त करके न केवल अपने पूरे परिवार का अपितु पूरे जिले के साथ-साथ अपने विद्यालय का भी नाम रोशन किया है। हरियाणा पब्लिक स्कूल, नारनौल के अध्यापकों को जब इस बारे मे पता चला तो पूरे स्कूल में खुशी की लहर फैल गई कि उनके स्कूल से पढ़ा हुआ छात्र इतनी ऊंचाइयों पर पहुंच गया। सभी अध्यापकों ने तथा स्कूल के प्रबंधक हितेश वर्मा, अनुज गुप्ता एवं अध्यक्ष सुभाष चन्द वर्मा ने चिन्मय को उसकी इस सफलता पर हार्दिक बधाई देते हुए भविष्य में आईएएस भी बनने की कामना की। चिन्मय ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ-साथ अपने परिजनों एवं अध्यापकों को दिया है कि इन सब के मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन के कारण ही उसने यह सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज भारद्वाज एवं निदेशक पुष्करमल वर्मा ने भी चिन्मय को बधाई देते हुए भविष्य मे और अधिक सफलता हासिल करने की कामना की।

जिला स्तरीय बाल प्रतियोगिता के चौथे दिन 20 स्कूलों के लगभग 250 बच्चों ने लिया भाग

नारनौल। जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से बाल भवन में आयोजित की जा रही 9 दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं की श्रृंखला के तहत आज चौथे दिन एकांकी रंगमंच का नाटक चतुर्थ ग्रुप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिलेभर के सरकारी व गैर सरकारी 20 स्कूलों के लगभग 250 बच्चों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन कुमार शर्मा ने किया। जिला बाल कल्याण अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि आज की एकांकी रंगमंच का नाटक चतुर्थ ग्रुप प्रतियोगिता में बच्चों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा, देश भक्ति आदि विषयों पर अपने अभिनय के माध्यम से बहुत ही सुन्दर प्रस्तुती दी तथा समाज में फैली हुई कुरीतियों पर कड़ा कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि मैं आज बड़ा ही खुश हूं क्योंकि आज की युवा पीढी इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के जरिए लोगों को जागरूक करने का काम कर रही हैं तथा इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों के शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है। एकांकी रंगमंच का नाटक चतुर्थ ग्रुप प्रतियोगिता के प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता बच्चों की टीम 30 अक्टूबर को डिविजनल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे जिनके जगह व कार्यक्रम की जानकारी बाद में दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इन जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना स्थान प्राप्त करने वाले विजेता बच्चों को जिला स्तरीय बाल दिवस समारोह पर 14 नवंबर को उपायुक्त मोनिका गुप्ता सम्मानित करेंगी।

16 को आईटीआई में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का आयोजन

नारनौल। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नारनौल में 16 अक्टूबर को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए संस्थान के प्रधानाचार्य विनोद खनगवाल ने बताया कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के दिशा निर्देशानुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नारनौल में 16 अक्टूबर को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जॉब मेले में भाग लेने वाले सभी छात्र 16 अक्टूबर को सुबह 9 बजे आईटीआई में मूल दस्तावेज व उसकी एक फोटो प्रति साथ लेकर आएं। उन्होंने कहा कि सभी छात्र फॉर्मल ड्रेस व जूते पहनकर आएं।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से 12 से 14 तक तीन दिवसीय दुग्ध प्रतियोगिता आयोजित

नारनौल। पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से खंड नांगल चौधरी के गांव कमानियां की सरकारी पशु अस्पताल के तहत आने वाले गांवों के पशुपालकों की मुर्रा भैंसों के लिए 12 से 14 अक्टूबर तक तीन दिवसीय दुग्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

वीएलडीए विनोद यादव ने बताया कि इस दुग्ध प्रतियोगिता में गांव दौंगली के पशुपालक उदय सिंह की भैंस 20.853 किलोग्राम के साथ प्रथम स्थान पर रही। उन्होंने बताया कि दो माह पहले भी दूध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था उसमें भी पशुपालक उदय सिंह की भैंस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने पशुपालकों से आह्वान किया कि पशुपालक उदयभान से प्रेरणा लेकर अच्छी नस्ल की भैंस रखकर पशुपालन को बढ़ावा दें। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से पशुपालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समय-समय पर पशुओं के लिए दुग्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। सरकार की ओर से आयोजित दुग्ध प्रतियोगिता में 18 से 22 लीटर वाली मुर्रा भैंस को 15 हजार रुपए, 22 से 25 लीटर वाली भैंस को 20 हजार रुपए व 25 लीटर से ऊपर वाली भैंस के पशुपालक को 30 हजार रुपए की इनाम राशि दी जाती है। इसी प्रकार देसी गाय दुग्ध प्रतियोगिता में 8 से 10 लीटर वाली गाय को 10 हजार रुपए, 10 से 12 लीटर वाली गाय को 15 हजार रुपए तथा 12 लीटर से ऊपर वाली गाय के पशुपालक को 20 हजार रुपए की इनाम राशि दी जाती है। इस अवसर पर डा. धनीराम, पशुपालक व गांव के अन्य लोग मौजूद थे।

जम्मू, कश्मीर एवं लद्दाख क्षेत्र का भौगोलिक सर्वेक्षण कर रहे हकेवि के विद्यार्थी

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के भूगोल विभाग के विद्यार्थी, शोद्यार्थी व शिक्षकों का समूह इन दिनों 15 दिवसीय क्षेत्रीय सर्वेक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जम्मू, कश्मीर एवं लद्दाख क्षेत्र का भौगोलिक सर्वेक्षण कर रहा हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विद्यार्थियों में विषय की व्यावहारिक समक्ष विकसित करने के उद्देश्य से इस तरह के आयोजन कों महत्वपूर्ण बताया और कहा कि अवश्य ही इससे विद्यार्थी थ्यौरी के साथ विषय के व्यावहारिक पक्षों समझते हुए विभिन्न समस्याओं का निदान खोजने की दिशा में प्रयास करने के लिए प्रेरित होंगे। विभाग के विभागाध्यक्ष डा. जितेंद्र कुमार ने बताया कि प्रमुख रूप से यह यह सर्वेक्षण कार्य जम्मू-कश्मीर और लद्दाख क्षेत्र में आयी बाढ़ के अध्ययन हेतु किया जा रहा है।

नारनौल में ट्रामा सेंटर बनकर तैयार...

उद्घाटन के लिए मंत्री ओम प्रकाश यादव ने स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज से की मुलाकात

मंत्री बोले, अन्य स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी हुई बातचीत

इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। नागरिक अस्पताल नारनौल में ट्रामा सेंटर बनकर तैयार हो चुका है। इस ट्रामा सेंटर के उद्घाटन के संबंध में आज प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज से मुलाकात की।

यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की घोषणा के अनुरूप नारनौल के नागरिक अस्पताल में ट्रामा सेंटर बनकर तैयार हो चुका है। ऐसे में जल्द ही इसका उद्घाटन किया जाना है ताकि आम नागरिकों को और बेहतर तरीके से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिले। इस मुलाकात के दौरान यादव ने निर्माणाधीन कोरिया वास मेडिकल कॉलेज की प्रोग्रेस के बारे में भी स्वास्थ्य मंत्री को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिला महेंद्रगढ़ के लिए यह मेडिकल कॉलेज बहुत बड़ा तोहफा है। अब मेडिकल में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को दूसरे राज्यों तथा जिलों में जाने की बजाय

अपने ही जिले में एडमिशन लेने का विकल्प भी मिल जाएगा। इसके अलावा इस मेडिकल कॉलेज में ओपीडी व अन्य सेवाओं से महेंद्रगढ़ सहित राजस्थान के साथ लगते जिलों के नागरिकों को भी बहुत बड़ा लाभ होने वाला है।

यादव ने स्वास्थ्य मंत्री से आग्रह किया कि बाबा खेतानाथ आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज में स्टाफ की नियुक्ति की जाए तथा स्टाफ के लिए भवन निर्माण भी जल्द से जल्द करवाया ताकि जाए लोगों को और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि इस आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में आसपास के काफी नागरिक स्वास्थ्य लाभ लेने आते हैं। मंत्री ओम प्रकाश यादव ने आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में बीएमसी के दाखिले हो जाने पर भी स्वास्थ्य मंत्री अनिल बीच का आभार प्रकट किया उन्होंने कहा कि अब क्षेत्र में ही लोगों को बीएमएस डिग्री प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

नारनौल को विकास के मामले में नहीं रहने दिया जाएगा पीछे : ओमप्रकाश

प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि भाजपा शासनकाल में पूरे प्रदेश में सड ों का जाल बिछाया गया हैं। नारनौल विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत से मार्केट कमेटी द्वारा एक गांव से दूसरे गांव तक लिंक करने वाली सड ों को बनाने का कार्य कियाज जा रहा हैं।

जिसके तहत गांव शाहपुर कोयम से श्यामपुरा, महरमपुर से भालोठा, महरमपुर से सैनियों की ढ़ाणी वाया बाबा जोधा तथा जैलाफ से चिंडालिया के बीच सड ों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास में अच्छी सड ों का होना अति आवश्यक हैं।

अच्छी सड ं होगी तो क्षेत्र रोजगार और विकास के मार्ग प्रस्त होंगे। उन्होंने कहा कि गत रोज सरकार ने नारनौल शहर के विकास के लिए करोड़ो रुपये मंजूर किए थे। यह विकास रूपी पहिया निरंतर चलता रहेगा। सरकार ने गांवों में सड ों के विकास के लिए आज करोड़ों रुपये मंजूर किए हैं। उन्होंने कहा कि नारनौल विधानसभा क्षेत्र को विकास के मामले में पीछे नहीं रहने दिया जाएगा।

सड़क दुर्घटना में राजस्थान के भगवाड़ी के युवक की मौत

इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। गांव कोजिंदा के पास हुए सड़क हादसे में राजस्थान के बहरोड़ के अंतर्गत आने वाले भगवाड़ी निवासी एक युवक की मौत हो गई। युवक बाइक द्वारा नारनौल से अपने गांव भगवाड़ी की ओर जा रहा था। इस दौरान कोजिंदा गांव के पास अन्य बाइक की चपेट में आ गया। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों का सौंप दिया। राजस्थान के बहरोड़ के अंतर्गत आने वाले गांव भगवाड़ी निवासी युवक अजीत कुमार नारनौल किसी काम से आया था। इसके बाद वह 12 अक्टूबर को बाइक द्वारा वापस अपने गांव जा रहा था कि कोजिंदा गांव के पास उसकी टक्कर एक अन्य बाइक से हो गई। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल अजीत को आसपास के लोगों ने नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसको रेफर कर दिया गया। परिजन उसको उपचार के लिए जयपुर के निजी अस्पताल में लेकर गए। जहां पर उसको लगी गंभीर चोट तथा सर में अधिक ब्लीडिंग हो जाने के कारण वह एक दिन के लिए कोमा में चला गया। इसके बाद उसने दम तोड़ दिया।

युवक ने लगाई फांसी

नारनौल। स्थानीय रेवाड़ी रोड पर कैलाश नगर मोहल्ले में एक युवक ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस बारे में पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयान के आधार पर इत्तेफाकिया हादसे की कार्रवाई की है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया शहर के रेवाड़ी रोड पर बने हुए मोहल्ला कैलाश नगर निवासी करीब 23 वर्षीय सोमदत्त ने अज्ञात कारणों के चलते सुसाइड कर लिया। बताया जा रहा है कि मृतक शादीशुदा था तथा उसकी पत्नी भी कई दिनों से उसके पास नहीं रह रही थी। वहीं वह शराब आदि का भी सेवन करता था। जिसके चलते उसने गत दिवस अज्ञात कारणों से सुसाइड कर लिया। इसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम करवा परिजनों को शव सौंप दिया। इस बारे में पुलिस ने इत्तेफाकिया हादसे की कार्रवाई की है।

नए बिजली कनेक्शन की केबल निगम उपलब्ध करवाएगा : अमित खत्री

निगम ने सभी ऑपरेशन कार्यालय को केबल कर दी आवंटित

इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम अपने उपभोक्ताओं को स्वयं सर्विस कनेक्शन केबल उपलब्ध करवाएगा। प्रबंध निदेशक अमित खत्री ने बताया कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के पास एक (सिंगल) फेस के नए कनेक्शन जारी करने के लिए पीवीसी केबल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। निगम ने सभी ऑपरेशन उपमंडल कार्यालय में उसका अग्रिम आवंटन कर दिया है। उन्होंने बताया कि अब से यदि आवंटन के बावजूद उपभोक्ताओं से पीवीसी केबल मांगने की कोई शिकायत सामने आती है, तो इसे बहुत गंभीरता से लिया जाएगा और दोषी अधिकारी एवं कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस संदर्भ में सभी संबंधितों को सख्त और सावधानीपूर्वक अनुपालन के लिए उचित निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि बिजली निगम के स्टोर में पर्याप्त केबल उपलब्ध है। नए कनेक्शन को ध्यान में रखते हुए सभी ऑपरेशन उपमंडल के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सिंगल फेस के नए कनेक्शन जारी करने के लिए निगम के पास उपलब्ध एलटी पीवीसी केबल का ही उपयोग करें। इस संबंध में संबंधित उपभोक्ताओं से फीडबैक लें और यह सुनिश्चित करें कि आवेदक से फील्ड स्टाफ द्वारा किसी पीवीसी की मांग नहीं की जा रही है तथा उपभोक्ता को शीघ्र ही नया बिजली कनेक्शन जारी करें। इसके अलावा फील्ड कार्यालयों की सुविधा के लिए उनके मासिक उपभोग के आधार पर सिंगल फेस कनेक्शन जारी करने के लिए 15 दिनों की औसत आवश्यकता के बराबर पीवीसी केबलों को अग्रिम रूप से आवंटित करने का निर्णय लिया गया है। उपयोग की गई मात्रा के विरुद्ध पुनर्पूर्ति संबंधित उपमंडल से उपयोग प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद कर दी जाएगी।

नगर परिषद नारनौल क्षेत्र में चुनाव आचार संहिता लागू

नारनौल। राज्य निर्वाचन आयोग ने नारनौल के वार्ड नंबर 16 में उपचुनाव की घोषणा की है। चुनाव की घोषणा के साथ ही चुनाव आचार संहिता लागू हो चुकी है। यह आचार संहिता केवल नारनौल नगर परिषद के क्षेत्र में रहेगी।

यह जानकारी देते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता आईएएस ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता तुरंत लागू हो गई है और चुनाव पूरा होने तक लागू रहेगी। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता केवल उन क्षेत्रों में प्रभावी रहती है जहां मतदान होना है। इसके अलावा कहीं भी चुनाव आचार संहिता नहीं रहेगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग अर्ध सरकारी विभाग बोर्ड निगम विश्वविद्यालय आदि अलग-अलग मुद्दों पर छूट, एनओसी जारी करने के लिए आयोग से संपर्क करते हैं।

इन कार्यों के लिए आयोग को संपर्क करने की आवश्यकता नहीं है। नगर परिषद क्षेत्र में किसी भी प्रकार की छूट एनओसी जारी करने अनुमति आदि के लिए आयोग को भेजने की आवश्यकता नहीं है।

पूर्व मंत्री ने निकाय मंत्री से की मुलाकात

सतनाली को मिले नगरपालिका का दर्जा : रामबिलास शर्मा

भरोसा मित्र ब्यूरो

महेंद्रगढ़। पूर्व कैबिनेट मंत्री रामबिलास शर्मा के नेतृत्व में शनिवार को महेंद्रगढ़ विधानसभा के एक शिष्टमंडल ने शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता से हिसार में उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान महेंद्रगढ़ शहर की मुख्य मांग को लेकर नगर पालिका की विभिन्न मांग और अन्य विषय पर चर्चा की। इसमें शॉपिंग कॉम्प्लेक्स महेंद्रगढ़ में दुकानदारों की मुख्य मांग दुकान के किराए पर लगे ब्याज/जुर्माना हटाने बारे में तथा सतनाली कस्बा को नगरपालिका का दर्जा देने के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इस पर निकाय मंत्री ने जल्द ही इन सभी मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया। इसके बाद महेंद्रगढ़ से गये अग्रवाल समाज के लोगों ने 21 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने का निमंत्रण दिया। जिस पर उन्होंने निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि वे अग्रवाल समाज के इस कार्यक्रम में अवश्य आएंगे। इस पर अग्र बंधुओं ने निकाय मंत्री एवं पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा का

आभार प्रकट किया। इस शिष्टाचार मुलाकात करने वालों में नगरपालिका प्रधान रमेश सैनी, व्यापारी नेता नरेश चेयरमैन, शापिंग काम्प्लेक्स के प्रधान रामचंद्र तायल, सुभाष अग्रवाल हैप्पी स्कूल, अशोक सैनी पार्षद, विष्णु पार्षद, मुरारी लाल गर्ग, राजेश लोहिया, लाजपत नांगलिया सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल थे।

फ्री का लालच देकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे साइबर ठग

इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। साइबर थाना की पुलिस टीम ने आज ऑटो रिक्शा स्टैंड नारनौल पर साइबर जागरुकता अभियान चलाया। इस दौरान लोगों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस की ओर से लोगों को बचाव के उपाय बताए गए। जागरूकता अभियान के तहत साइबर अपराध जैसे- पालिसी/चिट फंड लाटरी का लालच देकर होने वाले फ्राड के बारे में बताया गया। सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी देकर उनके बचाव के उपाय सुझाव बताए गए। कमजोर पासवर्ड होने की वजह से साइबर अपराधी सोशल मीडिया अकाउंट को आरोपी हैक कर सकते हैं। अगर सोशल मीडिया अकाउंट्स की प्रोफाइल लॉक ना हो तो साइबर अपराधी फेसबुक, इंस्टाग्राम से फोटो लेकर अलग से फर्जी अकाउंट बना सकते हैं। साइबर अपराध की रोकथाम में जागरूकता ही सबसे सशक्त माध्यम है। किसी भी प्रकार की गुप्त जानकारी किसी अनजान के साथ साझा नहीं करनी चाहिए। साइबर ठग फ्री का लालच देकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसे में सभी का जागरूक रहना जरूरी है। साइबर अपराध से बचने के लिए समय-समय पर अपनी आईडी का पासवर्ड बदलते रहे। लॉगिन यूजरनेम और पासवर्ड को भी गोपनीय रखें। अंजान मैसेज लिंक या मोबाइल पर आए नोटिफिकेशन पर बिना जानकारी के क्लिक न करें, उसको तुरंत रिमूव कर दें। ऑनलाइन लेन-देन करने के बाद हमेशा अपने ऑनलाइन सिस्टम से लॉग ऑफ करना न भूले। अपने व्हाट्सएप पर टू स्टेप लॉक जरूर लगाएं, यह सुविधा सेटिंग के अकाउंट ऑप्शन में है। टीम ने बताया कि साइबर अपराध होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें, एनसीआरपी पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं अथवा साइबर थाना या संबंधित थाना में भी अपनी शिकायत दे सकते हैं।

आटो रिक्शा स्टैंड नारनौल पर चलाया साइबर जागरूकता अभियान

प्रवक्ता सुषमा यादव ने राक महाविद्यालय में प्रोफेसर पद पर किया ज्वाइन

कनीना। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी तलवाना में कार्यरत राजनीति शास्त्र की प्रवक्ता सुषमा यादव ने राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हानी में सहायक प्रोफेसर लोक प्रशासन के पद पर कार्य बार ग्रहण किया। इस अवसर पर राजकीय कन्या महाविद्यालय यूनानी के प्राचार्य डा. विक्रम यादव, प्रवक्ता अनिल यादव, दिनेश यादव, वीरेंद्र यादव, ईश्वर सिंह, विक्रम यादव, जयपाल सिंह, हसला के खंड प्रधान अरविंद यादव, मनीषा कुमारी, नीतू शर्मा, संजय कुमार, प्रशांत यादव, मनीषा कुमारी, संदीप यादव, सहायक प्रोफेसर राजेश कुमार, मुख्य शिक्षक देशराज, झमनलाल, सुरेश गुप्ता, सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

शिक्षा के बल पर ही हो सकता है बड़ा मुकाम हासिल : सुमन यादव

इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौल द्वारा एक दिवसीय एनएसएस का कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव की पत्नी सुमन यादव रहीं। विद्यालय की छात्राओं ने मुख्यातिथि के सम्मान में स्वागत गान और नृत्य प्रस्तुत किया। इस मौके सुमन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि वे अपने आप को बहुत गौरवांवित महसूस कर रहीं है कि मुझे आज इस विद्यालय में आने का अवसर मिला। मैंने बचपन से इसी विद्यालय से शिक्षा ग्रहण की थी। उन्होंने विद्यालय परिसर में अपने विद्यार्थी काल में बिताए गए समय को याद करते हुए कहा कि

शिक्षा एक अमूल्य आभूषण हैं। जिसको कोई किसी से छीन नहीं सकता। मनुष्य शिक्षा के बल पर बड़ी से बड़ी काबिलियत हासिल कर सकता हैं। शिक्षा हासिल कर बड़े से बड़े मुकाम को पा सकता हैं। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा हासिल कर अपने माता-पिता के सपने को साकार करें। उन्होंने छात्राओं से समाज से फैली बुराइयों से दूर रहकर एक राष्ट्र के जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी के माध्यम से हमें सामाजिक करने की प्रेरणा मिलती हैं। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी के छात्रों ने विद्यालय प्रांगण में साफ सफाई की तथा पौधों में पानी देने का कार्य किया। इस मौके पर प्रिंसिपल शीला सेवानिवृत्त डीडीओ रतनलाल, हिंदी अध्यापक विजय सिंह, प्रवक्ता कृष्ण गुप्ता, पॉलिटिकल साइंस प्रवक्ता राजबाला तथा एनएसएस प्रभारी कमलेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

श्रीमद् भागवत कथा में बही ज्ञान की गंगा

भरोसा मित्र ब्यूरो

कनीना। स्थानीय कस्बा की लाला लेखराम बाग में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का समापन हुआ। रविवार को सुबह हवन यज्ञ करने के उपरांत प्रसाद वितरित किया जाएगा। कथा वाचक आचार्य जगदीश शास्त्री ने श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन भगवान श्रीकृष्ण के संपूर्ण जीवनवृत पर चर्चा की और इससे मिली सीख को अपने जीवन में उतारने की नसीहत दी। वाचक आचार्य जगदीश शास्त्री ने श्रीकृष्ण और उनके पुत्रों के बीच के एक प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि

एक बार श्रीकृष्ण अपने पुत्रों के साथ ही जा रहे थे। इसी बीच एक कुएं में एक गिरगिट देख श्रीकृष्ण के पुत्र रुक गए। बच्चों ने तोतली आवाज में कहा कि कुएं में कोई बड़ा जानवर गिरा पड़ा है। भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन होते ही गिरगिट अपने स्वरूप में आ गया और कहा कि मैं राजा हूं और मैंने अपने जीवनकाल में सिर्फ दान किया। लेकिन एक छोटी सी गलती की वजह से आज मेरा स्वरूप बदल गया है। अपने अभिमान में मैंने एक ब्राह्मण का अपमान कर दिया। जिससे मेरी यह दुर्गति हुई। भगवान श्रीकृष्ण ने बच्चों को कहा कि सत्कर्म करना बेहद अच्छी बात है लेकिन अभिमान में चूर होना गलत। वाचक आचार्य जगदीश शास्त्री ने श्रोताओं से कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम चंद्र की भांति भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से सीख लेकर हम खुद के जन्म को धन्य बना सकते हैं।

भगवान राम ने ताड़का का वध कर ऋषियों को किया भयमुक्त

इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट चांदुवाडा द्वारा आयोजित 73वीं रामलीला मंचन के दूसरे दिन शुक्रवार रात्रि भगवान दास अग्रवाल मुख्यातिथि रहे तथा एडवोकेट राजकुमार यादव, विजय जिंदल, विवेक अग्रवाल, संगीत नम्बरदार, सुनील मित्तल, अनिल अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, डॉ दिनेश गर्ग, कमल सोनी होटल वाले, लखीराम गोद बलाहा विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रामलीला मंचन में शुक्रवार रात्रि रामजन्म, ताडका वध, सुबाहू व मारीच की लीला का मनमोहक मंचन मंझे हुए कलाकारों द्वारा किया गया। रामलीला ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष जगदीश भारद्वाज ने बताया कि डॉ मनोज वर्मा ने दशरथ, रघुबीर सैनी ने गुरू विश्वामित्र, सत्यनारायण हरित ने महर्षि वशिष्ठ, शुभम वर्मा ने राम, अनिल चौहान ने लक्ष्मण, धैर्य बंसल ने भरत, दिव्य जैन ने शत्रुघ्र, सत्यनारायण वर्मा ने श्रृंगी ऋषि, विकास चौहान ने माता कौशल्या, बलवंत सैनी ने राक्षसी ताडका, अंशु हरित ने मारीच व प्रशांत ने सुबाहू के किरदारों में अपने दमदार अभिनय से जान फूंक दी।

कार्यकारिणी सदस्य बलवान सैनी ने बताया कि रामलीला के दूसरे दिन के मंचन में भगवान विष्णु विराट रूप में माता कौशल्या को दर्शन देकर उन्हे पुत्र रूप में जन्म लेने का आशीर्वाद देते हैं। जब राजा दशरथ संतान ना होने के दुख से अधीर होकर महर्षि वशिष्ठ से इस दुख का निवारण पूछते हैं, तो वशिष्ठ के सुझाव पर श्रृंगी ऋषि से पुत्रेष्टि यज्ञ के उपरांत राजा दशरथ को चार पुत्र प्राप्त हुए। जिनका नामकरण महर्षि वशिष्ठ राम, भरत, लक्ष्मण व शत्रुघ्र के रूप में करते हैं और अयोध्या में पुत्र जन्मोत्सव मनाया जाता है।

प्रतियोगिता वीर बालक अमीलाल की याद में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

सरकार की नीतियों से खिलाड़ियों का बढ़ा खेलों के प्रति रुझान

खेल हमारे जीवन का हिस्सा, खेलों से मनुष्य रहता है स्वस्थः सीताराम यादव

इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। गांव दौगड़ा अहीर में यंग फार्मर क्लब के संयोजन में वीर बालक अमीलाल की याद में दो दिवसीय विशाल खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव थे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक सीताराम यादव ने की। इस मौके पर मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि बधाई के पात्र है यंग फार्मर क्लब व अमीलाल मैमोरियल टूर्नामेंट के आयोजक जिन्होंने वीर बालक अमीलाल की स्मृति में इस विशाल खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया। उन्होंने कहा

कि भाजपा शासनकाल में खेलों के क्षेत्र में खिलाडि ों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया हैं। आज ओलंपिक में सबसे मेडल जीतने वाले खिलाडी हरियाणा प्रदेश से हैं। इसका पूरा श्रेय सरकार की खेलनीति को जाता हैं। प्रदेश सरकार ने खेल नीति में बदलाव करते हुए खिलाडि ों के लिए अनेक प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया है जिसके चलते प्रदेश के खिलाड़ियों का खेलों के प्रति रूझान बढ़ा हैं। उन्होंने कहा कि ओलंपिक में मेडल जीतने वाले गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल जीतने पर एक ग्रेड तथा कांस्य पदक जीतने पर बी ग्रेड की सरकारी सहित अनेकों लाभ खिलाडि ों को दिए हैं। इस मौके पर विधायक सीताराम यादव ने कहा कि खेल हमारे जीवन का हिस्सा हैं। खेलों से न केवल मनुष्य का शरीर स्वस्थ रहता हैं बल्कि खेल हमें जीवन में आगे बढने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि अन्य सरकारों के शासनकाल में खेलों के प्रति कोई विशेष ध्यान नहीं दिया गया। जिस कारण खिलाड़ी खेलों से दूर होता चला गया। भाजपा शासनकाल में अनेक योजनाएं खिलाडि ों के लिए बनाई जिस कारण खिलाडि ों को खेलों के प्रति रूझान बढ़ा। मंत्री ओमप्रकाश यादव व विधायक सीताराम यादव ने खिलाडि ों का परिचय कराया। ग्रामीणों व यंग फार्मर क्लब द्वारा मंत्री ओमप्रकाश यादव व विधायक सीताराम यादव ने पगड़ी व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। मंत्री ओमप्रकाश यादव ने खिलाडि ों को दो लाख रुपये की राशि प्रोत्साहन के रुप में दी। इस मौके पर जेजेपा नेता कंवर कलवाड़ी, कसहमा ब्लाक समिति चेयरमैन अंजू यादव, दौगड़ा की

खबर फटाफट

विश्व मानक दिवस के अवसर पर मानक महोत्सव कार्यक्रम आयोजित

फरीदाबाद। भारतीय मानक ब्यूरो, फरीदाबाद शाखा कार्यालय द्वारा विश्व मानक दिवस के अवसर पर मानक महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री के आर गुप्ता, अध्यक्ष आईईआई ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मानक गीत की प्रस्तुति के साथ की गयी। कार्यक्रम के दौरान भारतीय मानक ब्यूरो के महानिदेशक श्री प्रमोद तिवारी का सबको संदेश सुनाया गया। कार्यक्रम में शाखा प्रमुख श्रीमती विभा रानी की तरफ से इस वर्ष की थीम और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आईएसओ/आईईसी/आईटीयू के मानकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वैज्ञानिक/विशेषज्ञों के बहुमूल्य योगदान पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में श्री अमित दुग्गल (ईएमसीलैब), श्री सुमित त्यागी (एबीबी) और श्री संदीप अग्रवाल (जिंदल स्टेनलेस) ने तकनीकी व्याख्यान प्रस्तुत किया जो की सतत विकास के लक्ष्यों पर आधारित थे। कार्यक्रम में विभिन्न तकनीकी, शैक्षिक तथा औद्योगिक क्षेत्रों के लगभग 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि और शाखा प्रमुख द्वारा बीआईएस फरीदाबाद शाखा के सबसे पुराने लाइसेंस धारियों, बीआईएस स्टैंडर्ड्स क्लब में उत्साह पूर्वक काम करने वाले मेंटर्स, रिसोर्स पर्सन्स तथा एक्सपोजर् दौरों को सफल बनाने वाले लाइसेंस धारियो एवं प्रयोगशालाओं को भी सम्मानित किया गया। सभी के द्वारा कार्यक्रम की जोर सोर से प्रशंसा की गई।

मां भगवती की विशाल चौकी के साथ शुरु हुआ 76वें श्रीरामलीला मंचन व दशहरा उत्सव

भरोसा मित्र / एमके अरोड़ा

गुरुग्राम। न्यू कालोनी स्थित गीता भवन की श्रीसनातन धर्मसभा द्वारा 76वें श्री रामलीला मंचन एवं दशहरा उत्सव का आयोजन दशहरा ग्राउण्ड न्यू कालोनी में 14 अक्तूबर से 24 अक्तूबर तक किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ मां भगवती की विशाल चौकी के साथ होगा। मां वैष्णो निष्काम भक्ति मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। गीता भवन व केंद्रीय श्रीसनातन धर्मसभा के प्रधान तथा रामलीला के डायरेक्टर सुरेंद्र खुल्लर एवं प्रवक्ता बालकृष्ण खत्री ने बताया कि 15 अक्तूबर को श्री गणेश एवं हनुमंत ध्वज पूजन, दीप प्रज्जवलन, शिव-पार्वती संवाद, नारद मोह, कैलाश तलहटी, 16 अक्तूबर को रावण दरबार, मेघनाथ का ऋषियों पर अत्याचार, श्रवण लीला, 17 अक्तूबर को रावण-वेदवती संवाद, देवताओं की विष्णु से फरियाद, दशरथ दरबार, श्रीराम-सीता जन्म, गुरुकुल, 18 अक्तूबर को विश्वामित्र का यज्ञ भंग, विश्वामित्र दशरथ संवाद, ताडका वध, सीता स्वयंवर, लक्ष्मण-परशुराम संवाद, श्रीराम बारात, सीता विदाई, 19 अक्तूबर को दशरथ दरबार, श्रीराम राजतिलक घोषणा, दशरथ-कैकई संवाद, राम वनवास, केवट मिलन, दशरथ मरण, 20 अक्तूबर को भरत-कैकई संवाद, भरत मिलाप, सुर्पनखा की नाक काटना, रावण दरबार, रावण-मारीच संवाद, सीता हरण, रावण-जटायु युद्ध, राम विलाप, 21 अक्तूबर को राम-शबरी मिलन, हनुमान राम मिलाप, सुग्रीव मित्रता, बाली वध, सुग्रीव राजतिलक, राम-विरह, लक्ष्मण-सुग्रीव वार्ता, हनुमान को लंका भेजना, 22 अक्तूबर को सीता-रावण संवाद, रावण-हनुमान संवाद, लंका दहन, 23 अक्तूबर को रावण दरबार, सेतु बंध, रावण-अंगद संवाद, विभीषण शरणागति, लक्ष्मण मूर्छा, मेघनाथ-कुंभकरण वध, राम-रावण युद्ध तथा 24 अक्तूबर को भव्य दशहरा उत्सव आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि फूलों से सजी झांकियों के साथ रथों पर श्रीराम जी की शोभायात्रा न्यू कालोनी क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से होती हुई दशहरा ग्राउण्ड पहुंचेगी। मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत, हनुमंत ध्वज का पूजन, पुष्पाभिषेक, विजय दशमी दीप प्रज्जवलन होगा। विशिष्ट कलाकारों द्वारा धार्मिक गीतों व प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद रावण, कुंभकरण व मेघनाथि के पुतलों का दहन होगा। भगवान श्रीराम की अयोध्या वापिसी, भव्य आरती लोगों के आकर्षण का केंद्र रहेंगी। खुल्लर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रुप में हरियाणा राज्य सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष व पंजाबी बिरादरी महासंगठन के अध्यक्ष बोधराज सीकरी, पंचनद के उपाध्यक्ष एचएस चावला, रोटरी क्लब के प्रधान मनीष अग्रवाल, अग्रवाल समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी डा. मंदीप किशोर गोयल, भाजपा पर्यावरण संरक्षण विभाग के प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल, वैश्यरत्न से सम्मानित बाबूराम गुप्ता, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रेलवे बोर्ड के पीएसी सदस्य हरविंद्र कोहली, हरियाणा टेड वेलफेयर बोर्ड गुरुग्राम का चेयरमैन गिर्राज ढींगरा आदि अनेक समाजसेवी शामिल होंगे।

जनसेवा, रोजगार और कर्मचारियों के मुद्दे पर कांग्रेस नेता से मांगा समर्थन

भाजपा युवाओं से छीन रही रोजगार : विजय प्रताप

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के कांग्रेसी नेता एवं बडे ल विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे विजय प्रताप से जनसेवा और रोजगार और कर्मचारियों के मुद्दे पर समर्थन मांगा। इस बाबत कर्मचारियों ने विजय प्रताप को मांगों का एक ज्ञापन भी पत्र भी सौंपा। पत्र के माध्यम से सभी वर्गों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करने की अपील की गई। कर्मचारियों ने सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि आबादी निजीकरण व कौशल रोजगार के नाम पर ठेका प्रथा के प्रचलन से नई पीढ़ी के लिए निर्वाह करने लायक रोजगार की अवसर कम हुए हैं। जिससे समाज में रोजगार न मिलने से नशा अपराध और लूट पाट की घटना में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। निजीकरण के चलते बड़ी संख्या में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए शिक्षा स्वास्थ्य भी पहुंच से दूर हो रहे हैं। हर गांव में सरकारी बस, बिजली, पीने व सिंचाई के पानी और सस्ते राशन की अनुपलब्धता को लेकर लोगों में आक्रोश है। साधारण मजदूर किसान को सार्वजनिक सेवाओं से लाभ है, युवाओं के लिए सर्वाधिक क्षेत्र में लगभग 10 लाख रोजगार सृजित किए जा सकते हैं और पहले से कार्य कर रहे कर्मचारियों को भी इससे लाभ होगा। उन्होंने मांग पत्र में कहा कि उदारीकरण की नीति के चलते सरकार भी बाजार के धन जी से खर्च घटाने की रणनीति पर चलते हुए रोजगार के स्वरूप सेवा शर्तों और वेतन ढांचे में ऐसे बदलाव कर रही है जिनका कर्मचारी और उनके परिवारों के हित पर प्रभाव पड़ रहा है। इसके विपरीत यदि नए रोजगार विकसित किए जाते, सर्वजनि खर्चे में वृद्धि से जान सेवकों का विस्तार किया जाता और कर्मचारियों की मांगों का समाधान किया जाता तो इससे राज्य की जीडीपी में भी वृद्धि होगी। विजय प्रताप ने नगर पालिका कर्मचारी संघ की मांगों को जायज बताते हुए कहा कि यह मुद्दे आम जनता के हितों से जुड़े मुद्दे हैं। आपकी जायज मांगों को कांग्रेस के उच्च नेतृत्व तक पहुंचाया जाएगा और देश व प्रदेश में सरकार बनने पर इनका स्वाभाविक रूप से समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए पुरानी पेंशन की बहाली की बात भी की। विजय प्रताप ने कहा कि वर्तमान की भाजपा सरकार ने न केवल देश की जनता बल्कि कर्मचारी एवं किसानों के साथ भी चल किया है। भाजपा की प्रदेश सरकार ने युवा को नौकरी देने की बजाय रोजगार छीनने का काम किया है। कांग्रेस सरकार बनने पर प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने का काम हम करेंगे और कर्मचारियों की नीतियों के समर्थन में कानून बहाल किए जाएंगे।

बदमाशों ने किरयाना की दुकान पर 4 राउंड फायरिंग की

फरीदाबाद। बीती रात बदमाशों ने एक किरयाना की दुकान पर 4 राउंड फायरिंग की। इस दौरान एक गोली सामान लेने आई 11 साल की बच्ची के गाल को छूते हुए निकल गई। उसे अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस वारदात को लेकर छानबीन कर रही है। बीती रात थाना एसजीएम नगर इलाके के सेक्टर-48 में 3 अज्ञात बदमाशों ने एक किरयाना की दुकान पर फायरिंग कर दी। ये दिनेश शर्मा की दुकान है। फायरिंग के दौरान दिनेश शर्मा दुकान पर नहीं थे। एक 11 साल की बच्ची जानवी अपने पिता रमेश के साथ दुकान पर सामान लेने के लिए गई थी। फायरिंग में एक गोली बच्ची के गाल को छूते हुए निकल गई। बच्ची को आनन फानन में बादशाह खान सिविल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। वारदात के बाद एसीपी महेश श्योरान और थाना एसजीएम नगर के एसएचओ राजेश बागड़ी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। घटना स्थल का जायजा लेने के बाद वे बच्ची का हाल-चाल पूछने के लिए बादशाह खान सिविल अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में पहुंचे। बच्ची की हालत ठीक न होने के चलते डॉक्टरों ने उसको इलाज के लिए दिल्ली रेफर कर दिया।

मोबाइल शॉप की शटर तोड़कर 10 लाख के फोन चोरी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

आरोपियों ने पल्ला, सराय, कोतवाली और बल्लभगढ़ एरिया मे करीब 10 चोरी की वारदातों को दिया था अंजाम

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 प्रभारी जोगिन्द्र सिंह की टीम ने चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के 4 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। सैक्टर-30 पुलिस लाइन में आयोजित प्रैंस वार्ता में एसीपी क्राइम अमन यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में रोज मोहम्मद, अम्बे उर्फ छोटू, अस्तित राज और सन्नी कुमार का नाम शामिल है। आरोपी रोज मोहम्मद, अम्बे उर्फ छोटू, अस्तित राज बिहार के मोतीहारी जिले के गांव घोडासन के तथा आरोपी सन्नी कुमार फरीदाबाद के सेक्टर-31 का रहने वाला है। आरोपियों द्वारा चोरी की वारदात को बीते 7-8 अक्टूबर की रात को अंजाम दिया था। वारदात का मामला थाना शहर बल्लबगढ़ में दर्ज किया गया। मामले में क्राइम ब्रांच टीम द्वारा मौके पर सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए। जिसमें आरोपियो की पहचान हुई। क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से आरोपियों का बिहार का पता लगाया। जिसके बाद एक टीम को बिहार के लिए रवाना किया गया। आरोपी रोज मोहम्मद, अम्बे उर्फ छोटू व अस्तित राज को चोरी का मोबाईल बेचने के लिये अपने गांव से होते हुये नेपाल जा रहे थे। जिनको क्राइम ब्रांच टीम ने झरीलाल, पोखरा नजदीक रानी गंज नेपाल बोर्डर चोरीशुदा 23 मोबाईल फोन सहित काबू किया है। आरोपियों को जिला मोतीहारी बिहार में माननीय अदालत के सम्मुख पेश करके राहदारी रिमाण्ड लेकर फरीदाबाद की अदालत में पेश करके अन्य साथियो की गिरफ्तारी के लिये पुलिस रिमाण्ड हासिल किया गया। आरोपी सन्नी कुमार को फरीदाबाद से गिरफ्तार कर लिया गया है। मुख्य आरोपी रोज मोहम्मद ने पूछताछ में बताया कि उसने फरीदाबाद में 10 अन्य चोरियो को अंजाम दे रखा है। आरोपी चोरी के मोबाईल फोन को नेपाल में बेचने के लिए जा रहे थे। आरोपी ने एक मोबाईल को नहर में फैक दिया था। आरोपी चोरी की वारदातों को अपने अन्य साथियों के साथ बदल बदलकर अंजाम देता है। आरोपी के अन्य साथी अलाउद्दीन, आनन्द और रामू को पहले किसी अन्य चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

नेब के स्टेट कांफ्रेंस के समापन समारोह मे बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इंडिया द्वारा राज्य स्तर पर ब्लाइंड सदस्यों का कांफ्रेंस कार्यक्रम फरीदाबाद के सेक्टर 16 किसान भवन में आयोजित किया गया जिसमें राज्य स्तर के सभी नेत्र दिव्यांगो के साथ साथ उनकी संस्थाओ के पदाधिकारीगण ने भाग लिया और वक्ताओं के विचार सुने। इस कार्यक्रम मे पहुँचे बतौर मुख्यातिथि विपुल गोयल ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए संस्था के अध्यक्ष हेमंत टकले, सचिव डॉक्टर विमल डेंगला, ह्वक हरियाणा के अध्यक्ष सीए अजीत पाटवा, महासचिव हेम सिंह यादव का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम मे आये सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम मे पहुँचे पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने मंच से सम्बोधित करते हुए कहा की इस तरह के अधिवेशन के आयोजन से दृष्टि बाधित समाज उन्नति की ओर अग्रसर होगा और द्यद्धड्ड की ऐसे आयोजन निरंतर समय -समय पर होते रहने चाहिए ताकि विश्व में हो रहे तकनीकी विकास, राजनैतिक व अन्य गतिविधियों से दृष्टि बाधित समाज के सभी लोग जानकारी से वंचित न रहे और उन्हें भी सब ज्ञान प्राप्त हों। पूर्व मंत्री ने नैब के साथियों का इस अधिवेशन करने का ये उद्देश्य अत्यंत सराहनीय और समाज के लिए अच्छी पहल बताया। पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने कहा की वो संस्था के साथ पहले से जुड़ाव रखते है और कहीं भी संस्था को उनकी आवश्यकता हो तो वो उसके लिए हर समय संस्था के साथ और हर बच्चे के साथ है जिसपर सभी ने तालियां बजाकर उनकी बात का स्वागत किया। इससे पहले नेब के पदाधिकारियों ने पूर्व मंत्री विपुल गोयल का बुके देकर और मोमेंटो देकर सम्मान किया। इस मोके पर सीए अजित पाटवा, पल्लवी कदम, एस एन त्यागी व राज्य के अन्य जिलों से आये समितियों के पदाधिकारीगण के अलावा दृष्टि बाधित काफ़ी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

तंज़ानिया और हरियाणा के बीच व्यापार बढ़ाने की अपार संभावनाएं : अनुराग बख्शी

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। गेटवे ऑफ अफ्रीका कहे जाने वाले देश तंज़ानिया और हरियाणा के बीच परस्पर व्यापार बढ़ाने की अपार संभावनाएँ हैं और इस दिशा में दोनों सरकारों की और से प्रभावी सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं । उक्त जानकारी देते हुए हरियाणा एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल के चेयरमैन अनुराग बख्शी ने कही। उन्होंने बताया कि इसी श्रृंखला में कल तंज़ानिया ट्रेड डेवलपमेंट अथॉरिटी की महानिदेशक लतीफ़ा ख़ामिस ने विदेश सहयोग विभाग हरियाणा सरकार के अधिकारियों के साथ सेक्टर 5 मानेसर गुरुग्राम स्थित अत्याधुनिक तकनीक के इस्तेमाल कर रही पैकेजिंग इंडस्ट्री कुमार प्रिंटर्स फैक्ट्री का दौरा किया। उनके साथ विदेश सहयोग विभाग हरियाणा और मुख्यमंत्री के सलाहकार पवन चौधरी और हरियाणा एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल के चेयरमैन अनुराग बख्शी और सुलगना रॉय विशेष रूप से उपस्थित थे। कुमार प्रिंटर्स के परिसर में पहुँचने पर कंपनी के निर्देशक हर्ष भार्गव और उनकी टीम ने लतीफ़ा ख़ामिस का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। हर्ष भार्गव ने बताया कि इसकी स्थापना उनके दादा ने वर्ष 1960 के लगभग की थी और आज इस फैक्ट्री में आधुनिकतम तकनीक का इस्तेमाल करते हुए घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड्स के उत्पादों के लिए प्रिंटिंग और पैकेजिंग का निर्माण किया जाता है । हर्ष और उनकी टीम ने सभी मेहमानों को फैक्ट्री का दौरा कराया और निर्माण प्रक्रिया बताई और ये भी बताये की उनके यहाँ केवल पेपर और पेपर बोर्ड से बनने वाले प्रॉडक्ट्स ही बनते हैं और कोई भी प्लास्टिक प्रोडक्ट उनके यहाँ नहीं बनती है। बख्शी ने बताया की चर्चा के दौरान लतीफ़ा ख़ामिस ने तंज़ानिया में व्यापार करने की अपार संभावनाओं की जानकारी दी और कहा कि कृषि, कौशल विकास, खनन, चिकित्सा, इंफ्रास्ट्रक्चर, कपड़ा उद्योग, इंडस्ट्रियल पार्क जैसे अनेक क्षेत्रों में हरियाणा के उद्यमी अपनी भागीदारी कर सकते हैं और इसके लिए तंज़ानिया सरकार उन्हें हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। बख्शी ने बताया कि जुलाई मास में तंज़ानिया आयोजित दारएस सलाम अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में, मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ऐतिहासिक पहल में हरियाणा से 60 लोगों के एक प्रतिनिधि मंडल ने मेले में भागीदारी की और तबसे निरंतर हरियाणा और तंज़ानिया में आपसी व्यापार को बढ़ाने की दिशा में प्रयास जारी हैं और इसके दूरगामी परिणाम निकट भविष्य में दौनों के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे। कार्यक्रम के दौरान कुमार प्रिंटर्स की और से अंकुर मित्तल, आशीष, एसएन योगान, प्रीति सरीन उपस्थित रहे।

एशियन गेम्स में भारत का ऐतिहासिक प्रदर्शन युवा सोच का परिणाम : पंकज सिंगला

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों ने 107 मेडल जीतकर इतिहास रचने का काम किया और ऐसे स्वर्णिम पल को कभी भूला नहीं जा सकता। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा देश के युवा खिलाड़ियों की परफोरमेंस से बेहद उत्साहित हैं। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पंकज सिंगला ने प्रैस को जारी बयान में कहा कि एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों ने जो कारनामा किया है, वह सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गेम चेंजर सोच का ही परिणाम है। बात चाहे खेल जगत की हो, औद्योगिक क्रांति की, आर्थिक क्षेत्र या विज्ञान जगत, हर क्षेत्र में भारत का दबदबा कायम हुआ है। सिंगला ने कहा कि भारतीय टीम की इस कामयाबी में हरियाणा प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों का भी बहुत बड़ा योगदान है। हरियाणा के 86 खिलाड़ियों ने एशियन गेम्स में हिस्सा लिया था जिसमें से 38 खिलाड़ी पदक लाने में कामयाब रहे। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के सहयोग से प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा लागू की गई खेल नीति का ही यह परिणाम है। खेलो इंडिया पहल खेल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में अहम कड़ी साबित हो रही है। इस पहल के तहत अब गुणवत्तापूर्ण खेल प्रशिक्षण ग्रामीण प्रतिभाओं तक भी पहुंचने लगा है। खेलो इंडिया गेम्स में 32 हजार खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। खेलो इंडिया की सफलता को आगे बढाते हुए सरकार ने राष्ट्रीय खेल प्रतिभा पोर्टल लॉन्च किया। नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए 3 हजार करोड़ दिए, जिससे देशभर के 28 हजार खिलाड़ियों को लाभ मिला।

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा को मिठाई खिलाकर किया आभार व्यक्त

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा को मिठाई खिलाकर हरियाणा सरकार द्वारा डीएलएफ मार्केट सेक्टर-10 को पास किए जाने पर आभार धन्यवाद प्रकट किया। जबकि इसके उपरान्त प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने सेक्टर- 2 बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कार्यालय पर आम जन की समस्याओं को सुनी। उन्होंने समस्याओं से संबंधित विभागों के अधिकारियों को फोन पर बात कर दूर करने के दिशा निर्देश भी दिए। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि लोगों की समस्याओं का निवारण करना हमारा कर्तव्य है। सेक्टर -10 डीएलएफ मार्किट के प्रधान वेद हंस के नेतृत्व में राकेश विरमानी,सतीश वाधवा, कमल अग्रवाल, सुरेश बंसल सहित मार्केट के सभी गणमान्य लोगों ने कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

साइबर व महिला सुरक्षा और यातायात के नियमो के प्रति किया जागरूक

गुरुग्राम। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के निर्देशानुसार गुरुग्राम पुलिस द्वारा सभी जोन के थाना प्रबंधक, चौकी इंचार्ज महिला सुरक्षा, साइबर अपराध और यातायात के नियमो के प्रति लोगो को जागरूक करने के लिए अपने अधीनस्थ छेत्र मे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर रहे है, जिससे महिलाओं, लडकियों को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, और यातायात के नियमों के प्रति लोगो को जागरूक किया जा सके।इस जागरूकता अभियान को सफल बनाने के उदेश्य से महिला निरक्षक आरती, प्रबंधक थाना महिला मानेसर, गुरुग्राम की पुलिस टीम व दुर्गा शक्ति की टीम ने मानेसर क्षेत्र में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के माध्यम से स्कूल मे उपस्थित लडकियों व महिलाओं और स्कूल के स्टॉफ व कर्मचारियों को डायल 112 ऐप, दुर्गा शक्ति ऐप, महिलाओं व बच्चों के विरूद्ध होने वाले अपराध पोक्सो एक्ट व साईबर अपराधों और यातायात के नियमो को पालन करने के प्रति जागरूक किया।

पूर्व मंत्री ने रिबन काटकर रामलीला का शुभारम्भ

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। श्री धार्मिक लीला कमेटी में बीती कल रात रामजन्म हुआ। सबसे पहले गणेश वंदना की गई उसके बाद पूर्व मंत्री ए सी चौधरी ने रिबन काटकर रामलीला का शुभारम्भ किया। रामलीला के मंच पर फरीदाबाद की किकबॉक्सिंग बेटियां मोनल व नीरल कुकरेजा को पूर्व मंत्री ए सी चौधरी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रधान तेजिन्द्र खरबंदा व उप प्रधान सतीश नागपाल ने मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एसी चौधरी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सबसे पहले दृश्य में राजा दशरथ अपने दरबार में उदास व दुखी होते हुए गुरू वशिष्ठ को संतान न होने का दर्द बताते हैं और गुरू वशिष्ठ के कहने पर पुत्रश्रेष्ट यज्ञ करवाते हैं जिससे अशरथ के यहां 4 पुत्र जन्म लेते हैं जिनके नाम राम, लक्ष्मन, भरत व शत्रुघन रखे जाते हैं। दशरथ के किरदार में पंकज खरबंदा व वशिष्ठ के किरदार में संचित ने अपने अभिनय का जादू बिखेरा। उसके बाद गुरू विश्वामित्र का मारीच व सुबाहु यज्ञ भंग करते हैं जिससे क्रोधित होकर विश्वामित्र राजा दशरथ से सहायता मांगते हैं और छोटे राम व लक्ष्मन को लेकर वनों में जाते हैं जहां श्री राम के हाथों मारीच की माता ताडक़ा का वध हो जाता है तथा मारीच राम के तीखे बाणों से डरकर भग जाता है। विश्वामित्र के अभिनय में अमित नागपाल ने अपने अभिनय से दर्शकों की तालियां बटोरी तो छोटे राम काव्य खरबंदा व छोटे लक्ष्मन पारस खरबंदा ने अपने मासूम से चेहरे से दर्शकों का दिल जीता।

15 page 8_01.qxd 10/14/2023 9:53 PM Page 1